अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com

उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र

आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



दैनिक

# राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 177 लखनऊ, सोमवार, 12 जनवरी 2026 पृष्ठ: 8 मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### यूपी एआई एंड हेल्थ इनोवेशन कॉन्फ्रेंस का योगी करेंगे उद्घाटन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को देश में आधुनिक, सुलभ और तकनीक-सक्षम स्वास्थ्य व्यवस्था का मॉडल राज्य बनाने की दिशा में सोमवार को लखनऊ में दो दिवसीय 'यूपी एआई एंड हेल्थ इनोवेशन कॉन्फ्रेंस' शुरु होगी जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इस दौरान केन्द्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद, उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील कुमार शर्मा, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स राज्य मंत्री अजीत सिंह पाल, स्वास्थ्य व परिवार कल्याण राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह उपस्थित रहेंगे।

### आप और भाजपा ने मिलकर लूटा दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण का बजट : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने प्रदूषण नियंत्रण के लिये आम आदमी पार्टी और भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान किये गये खर्च पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए खर्च की गयी धनराशि में भ्रष्टाचार किया गया है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने रविवार को प्रदूषण नियंत्रण के लिये खर्च की गयी धनराशि में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि देश की राजधानी दिल्ली में गंभीर वायु प्रदूषण जनजीवन के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन चुका है जो आप और भाजपा दोनों पार्टियों की सरकारों के राजनीतिक स्वार्थ का ही परिणाम है कि 2017 से लगातार विश्व में दिल्ली सबसे अधिक जहरीली हवा वाली राजधानी बन चुकी है।

# तलवारों की जगह दूसरे तरीकों से भारत के खिलाफ हो रहे षड्यंत्र : प्रधानमंत्री

● सोमनाथ स्वाभिमान पर्व विध्वंस नहीं 1000 साल की यात्रा का पर्व: मोदी

एजेंसी



सोमनाथ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां रविवार को 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के अवसर पर विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में वह ताकतें मौजूद और पूरी तरह सक्रिय हैं, जिन्होंने सोमनाथ पुनर्निर्माण का विरोध किया। आज तलवारों की जगह दूसरे तरीके से भारत के खिलाफ षड्यंत्र रचे जा रहे हैं।

श्री मोदी ने कहा कि भारत के पास सोमनाथ जैसे हजारों साल पुराने पुण्य स्थल हैं। ये स्थल हमारे सामर्थ्य, प्रतिरोध और परंपरा के पर्याय रहे हैं लेकिन दुर्भाग्य से आजादी के बाद गुलामी की मानसिकता वाले लोगों ने इनसे पल्ला झाड़ने की कोशिश की। उस इतिहास को भुलाने के कुत्सित प्रयास किए गए। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से, आज भी हमारे देश में वो ताकते मौजूद हैं, जो पूरी तरह सक्रिय हैं, जिन्होंने सोमनाथ पुनर्निर्माण का विरोध किया। आज तलवारों की जगह दूसरे कुत्सित तरीकों से देश के खिलाफ षड्यंत्र हो रहे या फिर रचे जा रहे हैं। इसलिए हमें ज्यादा सावधान रहना है, हमें खुद को शक्तिशाली बनाना है। हमें एक रहना है, एकजुट रहना है, ऐसी हर ताकत को हराना है जो हमें बांटने की साजिशें रच रही हैं। उन्होंने कहा कि जब हम अपनी आस्था से जुड़े रहते हैं, अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं, पूरे स्वाभिमान के साथ अपनी विरासत का संरक्षण करते हैं, अपनी विरासत के प्रति सजग रहते हैं, तो हमारी सभ्यता की जड़ें भी मजबूत होती हैं। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक अवसर पर, मैंने भारत के लिए हजार साल का विराट स्वप्न सामने रखा था। मैंने 'देव से देश' के विजन के साथ आगे बढ़ने की बात कही थी। आज देश का सांस्कृतिक पुनर्जागरण करोड़ों देशवासियों में नया विश्वास भर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हर देशवासी के मन में विकसित भारत को लेकर एक भरोसा है। आज 140 करोड़ भारतीय भविष्य के लक्ष्यों को लेकर संकल्पित हैं।

## पत्नी की ज्यादा योग्यता गुजारा भत्ता में रुकावट नहीं : हाईकोर्ट

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

● हाईकोर्ट ने कहा, सालों घरेलू काम के बाद नौकरी पर लौटना मुश्किल

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अपने एक आदेश में कहा कि किसी पत्नी को सिर्फ़ इसलिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत गुज़ारा भत्ता देने से मना नहीं किया जा सकता, क्योंकि वह बहुत ज़्यादा पढ़ी-लिखी है या उसके पास वोकेशनल स्किल्स हैं।

क्योंकि इससे यह नतीजा नहीं निकाला जा सकता कि याचिकाकर्ता पत्नी पैसे कमाने के लिए काम कर रही है। जस्टिस गरिमा प्रसाद की की कोर्ट ने यह भी कहा कि पति का अपनी पत्नी का कानूनी तौर पर भरण-पोषण करने की ज़िम्मेदारी से बचने के लिए सिर्फ़ उसकी योग्यता (क्वालिफिकेशन) पर निर्भर रहना गलत है। कोर्ट ने कहा कि पत्नी की सिर्फ़ कमाने की क्षमता असल में नौकरी करके पैसे कमाने से अलग है। कोर्ट ने इस बात पर ज़ोर दिया कि यह कई महिलाओं की सच्चाई है, जो अपनी पढ़ाई-लिखाई के बावजूद, सालों तक घरेलू काम और बच्चों की देखभाल की ज़िम्मेदारियों के बाद नौकरी पर लौटने में मुश्किल महसूस करती हैं।

इन बातों को ध्यान में रखते हुए बेंच ने बुलंदशहर के एडिशनल प्रिंसिपल जज, फैमिली कोर्ट का आदेश रद्द कर दिया, जिसमें पति से गुज़ारा भत्ता मांगने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत पत्नी की अर्जी खारिज कर दी गई थी।

## केरल में केवल वोट प्रतिशत बढ़ाना लक्ष्य नहीं, भाजपा का होगा मुख्यमंत्री: शाह



● अमित शाह ने तिरुवनंतपुरम से किया विधानसभा चुनाव अभियान का आग़ाज़

एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। केरल राज्य में विधानसभा चुनाव की तारीखों का भले ही अभी ऐलान नहीं हुआ हो, लेकिन राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को तिरुवनंतपुरम पहुंचे और पार्टी नेताओं के साथ बैठकें कर चुनाव की रणनीति पर मंथन किया। उनके इस दौरे को केरल में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव अभियान की औपचारिक शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक में दावा किया कि वर्ष 2026 में केरल की राजनीति में बड़ा बदलाव होगा और राज्य को भाजपा का मुख्यमंत्री मिलेगा। उन्होंने कहा कि हाल के स्थानीय निकाय चुनाव में तिरुवनंतपुरम नगर निगम में भाजपा की ऐतिहासिक जीत इस बात का स्पष्ट संकेत है कि केरल बदलाव की ओर अग्रसर है। उन्होंने ह्लअब केरल की बारी है के नारे के साथ विधानसभा चुनाव अभियान का आग़ाज़ किया।

## डॉ. आदर्श दीपक व जेपी त्रिवेदी ने सीएम योगी से की शिष्टाचार भेंट

● प्रसिद्ध धार्मिक स्थल धोबिया आश्रम के सौन्दर्गीकरण एवं प्राणीउद्यान (चिड़ियाघर) की स्थापना कराने का अनुरोध

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





लखनऊ। मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भाजपा नेता डॉ आदर्श दीपक मिश्र एडवोकेट,नव निर्वाचित अध्यक्ष बार एसोसिएशन हरदोई जेपी त्रिवेदी एडवोकेट ने शिष्टाचार भेंट की। साथ ही सुयश मिश्र प्रशासक ग्रामोदय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डिघिया खेरिया हरदोई कार्तिकेय मिश्रा जी भी मौजूद रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री से अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट उत्तर प्रदेश में लागू करने एवं अधिवक्ता हितों के विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उपेक्षित बहुचर्चित धार्मिक एवं प्राकृतिक स्थल धोबिया आश्रम का सौन्दर्गीकरण एवं संरक्षीकरण एवं प्राणीउद्यान (चिड़ियाघर) की स्थापना कराने का अनुरोध किया। बता दें कि, जनपद हरदोई के पिहानी ब्लाक के अन्तर्गत धोबिया आश्रम जो कि ऋषि धौम्य की तपोभूमि है। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस यहाँ पर पाण्डवों द्वारा पूजित शिवलिंग भी है उस शिवलिंग से 24 घण्टे जलधारा प्रवाहित होती रहती है। महाभारत काल से ही इस शिवलिंग का बहुत ही महत्व है। जिसके दर्शन करने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु आते रहते हैं। प्रशासन द्वारा इस प्राकृतिक स्थल को पर्यटन स्थल घोषित किया जा चुका है परन्तु अभी तक कोई भी सौन्दर्गीकरण का सन्तोषजनक कार्य नहीं हो सका है। यह स्थल गोमती नदी के किनारे 78 हेक्टेयर भूमि में फैला हुआ है जिसमें तरह-तरह के पशु-पक्षी विचरण करते रहते हैं।

## उत्तर प्रदेश के गांवों से तैयार होंगे एक करोड़ उद्यमी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने आगामी पांच वर्षों में प्रदेश में 15 लाख नए उद्यम स्थापित किए जाने का प्लान बनाया है। इसी के साथ आगामी वर्षों में गांवों से एक करोड़ उद्यमी तैयार करने की योजना है। इस महाअभियान का आधार राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) बनेगा, जिसके जरिए स्वयं सहायता समूहों को उद्यमिता से जोड़ा जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को बड़े पैमाने पर रोजगार से जोड़ने की योजना बनाई गई है। इस योजना के तहत प्रत्येक स्वयं सहायता समूह से कम से कम एक सदस्य या समूह को उद्यम के लिए प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। कृषि आजीविका के साथ-साथ गैर-कृषि आजीविका क्षेत्रों में संचालित गतिविधियों का विस्तार हर स्वयं सहायता समूह स्तर तक किया जाएगा, जिससे गांव-गांव रोजगार और आय के नए अवसर सृजित होंगे। आत्मनिर्भर बनने का संकल्पराज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में ऐसी महिलाएं हैं जो सीमित आय और बढ़ती पारिवारिक जिम्मेदारियों के बावजूद आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लेकर उसे साकार भी कर रही हैं। प्रदेश की ऐसी 14 लखपति दीदियों को गणतंत्र दिवस पर दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित परेड में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होने का भी मौका मिलने जा रहा है।

## रणनीति व संकल्प के साथ संपन्न हुई राष्ट्रीय प्रस्तावना की समीक्षा बैठक

### पत्रकारिता जगत से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर हुई चर्चा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





हरदोई। हरदोई जिला मुख्यालय पर राष्ट्रीय प्रस्तावना समाचार पत्र व डिजिटल माध्यम की समीक्षा एवं आगामी कार्य योजना को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को पूरे जोश, उत्साह व सकारात्मक वातावरण के साथ संपन्न हुई। संस्था के संस्थापक, प्रधान संपादक, स्टेट हेड, ब्यूरो चीफ व अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों सहित जनपद के सभी विकासखंडो के संवाददाताओं ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की और संस्थान के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में पत्रकारिता को अधिक मजबूत बनाना, ग्राउंड रिपोर्टिंग, डिजिटल माध्यमों को बेहतर बनाना, जनता के मुद्दों को निष्पक्षता के साथ सामने लाना व वीडियो प्रस्तुतीकरण जैसे अन्य अहम मुद्दों पर भी गहन वार्ता हुई।

बैठक के दौरान राष्ट्रीय प्रस्तावना के उद्देश्यों प्रासंगिकता तथा वर्तमान परिस्थितियों में उसके प्रभावी क्रियान्वयन पर गहन मंथन किया गया! वक्ताओं ने संस्थान की मजबूती, जन सरोकारों से जुड़ाव तथा भविष्य की रणनीतियों पर अपने-अपने विचार रखें ! साथ ही संस्थान को और अधिक सशक्त बनाने हेतु ठोस कार्य योजना तैयार करने पर बल दिया गया। अपने उद्बोधन में संस्था के संस्थापक व संरक्षक संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय प्रस्तावना केवल एक अखबार ही नहीं बल्कि वर्तमान परिवेश की दिशा व दशा तय करने वाला मार्गदर्शक है, इसके सफल क्रियान्वयन से संस्था के उद्देश्यों व आमजन की आवाज को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी। बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान संपादक हरिनाथ सिंह ने कहा कि हमें खबरों से जुड़ी तकनीकी व व्यावहारिक जानकारी के दायरे को और बढ़ाना होगा उन्होंने तेज खबरों के साथ सटीक व संतुलित रिपोर्टिंग पर भी बल दिया।

बैठक में सभी वरिष्ठ पत्रकारों स्थानीय संवाददाता व जनपद के सभी विकासखंडो के प्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने विचार साझा किये। इसके साथ ही प्रत्येक माह में एक बैठक आवश्यक रूप से करने का निर्णय भी लिया गया। अंत में सभी प्रतिभागियों ने एकजुट होकर राष्ट्रीय प्रस्तावना के मूल्यों को आत्मसात करने व संस्थान के लक्ष्यों की प्राप्त के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया! बैठक सकारात्मक वातावरण में सकुशल संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से जनपद कन्नौज से आए संस्था के संपादकीय सलाहकार दिनेश दुबे, स्टेट हेड विपिन सोनी, ब्यूरो चीफ दुर्गेश सिंह, विज्ञापन प्रभारी दीपक गुप्ता, संवाददाता मो. आमीन, उमैर खां, जितेश गुप्ता, मृदुल पांडे, राम शंकर शुक्ला, अमित सिंह, लवलेश तिवारी, जितेंद्र कुमार पाठक, सुनीत कुमार, पंकज सिंह आदि उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्ति आईएएस अधिकारी विवेक वार्ष्णेय बनें प्रस्तावना मीडिया समूह के सलाहकार संपादक

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

● जनपद हरदोई में लोकप्रिय जिलाधिकारी रहे हैं विवेक वार्ष्णेय





लखनऊ। राष्ट्रीय प्रस्तावना के सलाहकार संपादक के रूप में हरदोई जिले के डीएम रह चुके सेवानिवृत्ति आईएएस विवेक वार्ण्णेय राष्ट्रीय प्रस्तावना मीडिया हाउस से जुड़े हैं। विवेक वार्ष्णेय 2006 बैच के आईएएस अधिकारी है। उन्हें उत्तर प्रदेश पीसीएस से पदोन्नत किया गया था। विवेक वार्ष्णेय ने बेहट (सहारनपुर), खैर (अलीगढ़), सदर (इटावा) और संभल (मुरादाबाद) में एसडीएम के रूप में कार्य किया, आगे चलकर उन्होंने शाहजहाँपुर, ओराई, हल्द्वानी और सहारनपुर में नगर मजिस्ट्रेट के रूप में कार्य किया। इसके बाद उनका तबादला देहरादून में एमडीडीए के सचिव के रूप में हुआ। उत्तराखंड के गठन के बाद विवेक वार्ष्णेय उत्तर प्रदेश लौट आए और बहराइच में एडीएम (एफ), बरेली में एडीएम (सिटी), बागपत में एडीएम (एफ), सहारनपुर में एडीएम (ई) और शाहजहाँपुर और महाराजगंज में सीडीओ के रूप में कार्य किया, इस अवधि के दौरान, कानून व्यवस्था बनाए रखने और राजस्व और आपराधिक मामलों के निपटारे को सुनिश्चित करने के अलावा, सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों को तहसील और बाद में जिला स्तर पर लागू किया गया।

समय-समय पर, चुनाव आयोग के नियमों और विनियमों के अनुसार, एआरओ, आरओ और डिप्टी डीईओ के रूप में चुनाव संबंधी कर्तव्यों का निर्वहन भी किया। विवेक वार्ष्णेय को खनन, प्राथमिक शिक्षा और कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग में विशेष सचिव के रूप में सरकारी सेवा में कार्य करने का अवसर मिला। UPSHA के सदस्य (प्रशासन) के रूप में, बरेली-हल्द्वानी सड़क और वाराणसी-रॉबर्ट्सगंज सड़क के निर्माण को सफलतापूर्वक पूरा कराने में पीपीपी मॉडल का सफल कार्यान्वयन किया गया। वहीं हरदोई के जिला मजिस्ट्रेट के रूप में कार्य करते हुए, विवेक वार्ष्णेय का मुख्य उद्देश्य जनता के लिए सुलभ रहना और उनकी समस्याओं का समाधान करने का भरसक प्रयास करना था, साथ ही सरकारी नीतियों और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की निगरानी करना भी था। राष्ट्रीय राष्ट्रीय शिक्षा रैंकिंग में, हरदोई उस समय उत्तर प्रदेश के शीर्ष 10 जिलों में नियमित रूप से शामिल था। जून 2019 में सेवानिवृत्त होने से पहले, उन्होंने यूपी एससीआईडीसीओ (पूर्व में समाज कल्याण निर्माण निगम) के निदेशक के रूप में कार्यरत थे। इस दौरान विवेक वार्ष्णेय को विधानसभा/संसद चुनावों के लिए समय-समय पर राजस्थान, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश में चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में भी भेजा गया था। सेवानिवृत्ति के बाद, विवेक वार्ष्णेय ने यूपी एचडीएमसी (पूर्व में यूपी एक्सपोर्ट कॉर्प) में ओएसडी के रूप में काम किया, जो यूपी सरकार की एक महत्वपूर्ण प्राथमिकता वाली परियोजना, ओडीओडीपी की ऑनलाइन बिक्री पर केंद्रित थी। वर्तमान समय में आज राष्ट्रीय प्रस्तावना मीडिया समूह के संरक्षक संजीव श्रीवास्तव व प्रधान संपादक की उपस्थिति में विवेक वार्ष्णेय को सलाहकार संपादक के रूप में स्थापित किया गया। राष्ट्रीय प्रस्तावना परिवार उनके इस निर्णय से प्रोत्साहित है, और उनके कुशल मार्गदर्शन प्रशासनिक अनुभव का लाभ उठाते हुए।

प्रस्तावना मीडिया हाउस को और अधिक निखारने में अपनी अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा। डिजिटल मीडिया के दौर में इस समय पत्रकारों को हर प्रकार के अनुभव की आवश्यकता है। प्रस्तावना मीडिया हाउस इस बात का हमेशा ख्याल रखता है कि, प्रस्तावना परिवार का कोई भी सदस्य अपने क्षेत्र में काम करते हुए परफ़ेक्ट होने की गति भी बनाए रखे।

## रचनात्मकता का उत्कृष्ट संगम है बैटल डांस स्पोर्ट्स : पाठक

● उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने युवाओं को खेल व संस्कृति से जुड़ने का दिया संदेश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। बैटल डांस स्पोर्ट्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय बैटल डांस स्पोर्ट्स प्रतियोगिता 2026 का शुभारंभ 10 जनवरी को संस्कृत पाठशाला महाविद्यालय सदर बाजार, लखनऊ में हुआ।

इस दो दिवसीय प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि आज का युवा केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से भी देश का नाम रोशन कर रहा है। बैटल डांस स्पोर्ट्स जैसी विधाएँ अनुशासन, फिटनेस, आत्मविश्वास और रचनात्मकता का उत्कृष्ट संगम हैं। ब्रेक डांस का ओलंपिक खेल के रूप में शामिल होना इस विधा और युवाओं की प्रतिभा के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जय सिंह, निदेशक, आउटरीच ब्यूरो, भारत सरकार रहे ।

# उप्र में सीएम कृषक दुर्घटना कल्याण योजना का पूरी तरह होगा ऑनलाइन संचालन, फरवरी 2026 तक होगी प्रक्रिया पूरी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के मुताबिक किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में राजस्व परिषद मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना को पूरी तरह डिजिटल बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। योजना के डिजिटलीकरण की समय सीमा फरवरी 2026 तय की गई है।



मुख्य सचिव की बैठक में राजस्व परिषद के अधिकारियों ने बताया कि प्रक्रिया के पूरी होने के बाद योजना के संचालन को पूरी तरह से ऑनलाइन किया जाएगा। जिससे किसान परिवारों को दुर्घटना की स्थिति में आसानी से घर बैठे मुआवजा मिल सके। साथ ही डिजिटलीकरण से योजना का संचालन और अधिक समयबद्ध, प्रभावी और पारदर्शी बनाया जा सकेगा। बैठक में राजस्व परिषद के अधिकारियों ने बताया कि योजना के तहत दिसंबर 2025 तक लगभग 29,394 किसानों के आवेदन स्वीकृत किये जा चुके हैं। मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों के मुताबिक राजस्व परिषद योजना का पूरी तरह डिजिटलीकरण कर रहा है। इसके लिए एनआईसी की मदद से एक आधुनिक वेब पोर्टल और सॉफ्टवेयर विकसित किया जा रहा है। इस पोर्टल के माध्यम से आवेदन, दस्तावेज अपलोड, सत्यापन, स्वीकृति और लाभ वितरण की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। पहले भी योजना के लिए आवेदन एनआईसी के वेब पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता था, लेकिन अन्य प्रक्रियाएँ भौतिक सत्यापन के द्वारा पूरी होती थीं। जिससे किसान परिवारों को समस्या का सामना करना पड़ता था। योजना के पूरी तरह ऑनलाइन हो जाने से किसानों को बार-बार तहसील या जिला कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और भ्रष्टाचार की संभावनाएँ भी समाप्त हो जाएंगी। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पोर्टल के अपडेशन का कार्य चल रहा है और इसे फरवरी 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की शुरुआत सीएम योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2019 में की थी। राजस्व परिषद ने अपनी मण्डलवार रिपोर्ट में बताया कि इस योजना के तहत दिसंबर 2025 तक लगभग 29,394 किसानों के आवेदन स्वीकृत किये जा चुके हैं। इनमें से सबसे ज्यादा आवेदन लखनऊ मण्डल में 3,569, गोरखपुर मण्डल में 3,143 जबकि अयोध्या और कानपुर मण्डल में क्रमशः 2,491 और 2,436 आवेदन स्वीकृत किए जा चुके हैं।

## बंद घरों में चोरी करने वाले चार गिरफ्तार

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के मड़ियांव थाना पुलिस और क्राइमब्रांच की संयुक्त टीम ने बंद घरों का ताला तोड़कर चोरी करने वाले शातिर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह आरोपी चोरी के दौरान लोगों को डराने-धमकाने के लिए असलहों और सुतली बम का भी इस्तेमाल करते थे। मड़ियांव इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा के बताया कि आरोपी बंद पड़े मकानों को निशाना बनाकर ताले तोड़ते थे। वहां से सोने-चांदी के कीमती आभूषण चोरी कर लेते थे। चोरी के दौरान विरोध होने पर लोगों को डराने के लिए असलहों और सुतली बम का प्रयोग किया जाता था। गिरफ्तार चारों आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण, कई सुतली बम और अवैध असलहे बरामद किए गए हैं। पकड़े गए चोरों में नवाब अली उर्फ सलमान अली, आफताब, अफरोज और शमशुल शामिल है। इनको गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ लखनऊ के विभिन्न थानों में पहले से ही कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# हर कर्मचारी का डॉक्यूमेंट्स और पुलिस वेरिफिकेशन किया जाएगा : असीम अरुण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत कुछ कोर्स कोऑर्डिनेटरों द्वारा फर्जी अभिलेखों के आधार पर नियुक्ति प्राप्त किए जाने के मामले सामने आने के बाद समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने सख्त रुख अपनाया है। भविष्य में ऐसी किसी भी अनियमितता को रोकने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग में आउटसोर्सिंग से जुड़े मामलों में स्पष्ट शासनादेश जारी करने के निर्देश दिए हैं। इसके माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि आउटसोर्सिंग के जरिए की जाने वाली सभी नियुक्तियां पूरी तरह निर्धारित नियमों, मानकों और प्रक्रिया के अनुरूप हों। शासनादेश में यह साफ किया जाएगा कि आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्त सभी कार्मिकों के शैक्षिक और अन्य जरूरी डॉक्यूमेंट्स की पूरी जांच अनिवार्य होगी। इसके साथ ही सभी कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन भी कराया जाएगा। राज्यमंत्री ने वर्तमान में विभाग में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों के डॉक्यूमेंट्स की भी अगले तीन महीने के अंदर जांच पूरी करने के निर्देश दिए, जिससे किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना न रहे। राज्यमंत्री असीम अरुण ने रविवार को कहा कि समाज कल्याण विभाग में किसी भी तरह की गड़बड़ी स्वीकार नहीं की जाएगी। आउटसोर्सिंग के माध्यम से की जाने वाली सभी नियुक्तियां पूरी तरह पारदर्शी और नियमों के अनुसार होंगी। जहां भी अनियमितता मिलेगी, वहां सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### मथुरा व काशी के बाद 12 जनवरी को अयोध्या दौरे पर रहेंगे पंकज चौधरी

**लखनऊ।** केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री व भारतीय जनता पार्टी के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी 12 जनवरी को बाराबंकी व अयोध्या के दौरे पर रहेंगे। रास्ते में जगह—जगह उनके स्वागत की तैयारी की गयी है। लखनऊ से निकलने पर सबसे पहले पॉलिटेक्निक मोड़ के निकट, वेव सिनेमा के सामने लखनऊ पूर्वी विधानसभा के विधायक ओ.पी.श्रीवास्तव के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। विधायक ओपी श्रीवास्तव स्वागत की तैयारी में जुटे हैं। उन्होंने पूरे विधानसभा के कार्यकर्ताओं को स्वागत में बुलाया है। बाराबंकी की सीमा पर पहुँचने पर बाराबंकी के कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया जायेगा। वहीं अयोध्या जिले की सीमा में प्रवेश करने पर रूदौली के विधायक रामचन्द्र यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ता पंकज चौधरी का स्वागत करेंगे। वहीं रूदौली के बाद रास्ते में बीकापुर के विधायक डा.अमित सिंह प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करेंगे। इसके बाद अयोध्या महानगर में प्रवेश करने पर अयोध्या के विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत करेंगे। इसके बाद कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी श्रीरामलला के दिव्य दर्शन कर संगठन एवं राष्ट्र की समृद्धि के लिए प्रार्थना करेंगे। सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता समय से उपस्थित होकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाएं।

### 3 चोरों को आधी रात लोगों ने दौड़ाकर पकड़ा, सीसीटीवी

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रात करीब 3 बजे चोरी करने कॉलोनी में घुसे 3 चोरों को लोगों ने पकड़ लिया। तीनों अपाचे बाइक से आए थे। बाइक सड़क पर खड़ी कर एक घर के बाहर रेकी कर ताला तोड़ने लगे। यह सब सामने वाले घर में लगे सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो रहा था। उस घर का कोई रात में जागा तो उसने स्क्रीन पर सामने वाले घर के आगे खड़े कुछ लोगों को देखा। उसकी नींद पूरी तरह से टूट गई। शोर मचाने से पहले उसने डायल-112 पर सूचना दी। पुलिस भी अलर्ट हो गई। स्थानीय थाने से फोन आया और उस व्यक्ति से पूरी डिटेल ली गई। पुलिस वालों ने कहा कि आपको शोरगुल नहीं मचाना। पुलिस इस रास्ते से आएगी। आप लोग जस्ट अपोजिट साइड सड़क पर घेर लीजिए ताकि चोर भागने न पाएं। बस फिर क्या था, लोगों ने ऐसा ही किया और तीनों चोर वहीं पकड़े गए। घटना सरोजनी नगर थाना क्षेत्र की एलडीए कॉलोनी, सेक्टर-एफ की है। 10 जनवरी की रात 2.40 बजे के करीब चोर पहुंचे। बाइक खड़ी कर रेकी करने लगे। जब तक पुलिसवाले आते तब तक चोर वहां से निकल चुके थे। वे आगे गए ही होंगे कि सामने से पुलिस आती दिखी। वे तुरंत वापस लौटे लेकिन इधर कॉलोनी वाले इंतजार ही कर रहे थे। शोर मचाकर उनकी तरफ दौड़े तो चोरों की बाइक भी गिर गई और वे पकड़े गए। पुलिस का कहना है कि पकड़े गए तीनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और उनके आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। चोरों के नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। इस कार्रवाई के बाद कॉलोनी में लोगों ने राहत की सांस ली। लोगों की सूचना के कुछ ही देर में सरोजनी नगर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस और कॉलोनीवासियों ने तीनों चोरों को पकड़ लिया। पुलिस अपनी जीप में बैठाकर थाने ले गई। तलाशी के दौरान उनके पास से दो तमंचे बरामद किए गए हैं। तीनों चोर घर का ताला तोड़ रहे थे। घर पर कोई नहीं था जिससे उसमें बाहर से ताला लटक रहा था। सरोजनी नगर थाना पुलिस ने बयान जारी कर बताया है कि इन 3 चोरों में से 2 की हिस्ट्रीशीट है। 2 चोर लखनऊ के ही हैं।

### साइकिल सवार के ऊपर चढ़ते हुई पलटी कार, दबकर शख्स की मौत

**लखनऊ।** राजधानी के मोहलालगंज इलाके में एक बेकाबू कार साइकिल सवार पर चढ़ते हुए पलट गई। इस दौरान कार का टायर भी फट गया। इस हादसे में साइकिल सवार शख्स की कार के नीचे दबने से मौत हो गई। वह काम पर जा रहा था। इस हादसे में कार ड्राइवर सकुशल बच गया। वह मौके से भाग निकला। यह दुर्घटना रविवार सुबह करीब 7.30 बजे फत्तेखेड़ा गांव के पास हुई। फत्तेखेड़ा मजरा कनकहा निवासी रामबरन (40) पुत्र शिवकुमार शिवराम अपने घर से मजदूरी के लिए साइकिल से निकले वह इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से बेकाबू कार उनके ऊपर चढ़ते हुए पलट गई। सूचना मिलने पर मोहनलालगंज पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची।

# उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को किया याद



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को लखनऊ स्थित सरकारी आवास, सात कालिदास मार्ग पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। उप मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लिखा कि उनकी सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा के आदर्श हम सभी को सदैव कर्तव्यपथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा देते रहेंगे।

# निजी शिक्षण संस्थानों में पारदर्शी प्रवेश पर ही मिलेगा छात्रवृत्ति का लाभ

- दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना की नियमावली 2023 में हुआ संशोधन

राष्ट्रीय प्रसतावना न्यूज नेटवर्क




लखनऊ। दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना का लाभ केवल वास्तविक और पात्र विद्यार्थियों तक पहुंचाने के लिए समाज कल्याण विभाग निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में शासन द्वारा योजना की नियमावली 2023 में जरूरी संशोधन किए गए हैं। यह संशोधन अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति और सामान्य वर्ग दोनों श्रेणियों के विद्यार्थियों पर लागू होगा। समाज कल्याण उपनिदेशक आनंद कुमार सिंह ने बताया कि इस संशोधन का उद्देश्य निजी शिक्षण संस्थानों को रूप से तकनीकी पारदर्शी और स्पष्ट बनाना है, जिससे पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभ सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही मैनेजमेंट कोटा, स्पॉट एडमिशन और अन्य गैर-पारदर्शी प्रवेश प्रक्रियाओं के माध्यम से छात्रवृत्ति के दुरुपयोग पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। संशोधित नियमों के अनुसार, अब निजी शिक्षण संस्थानों में व्यावसायिक या तकनीकी पाठ्यक्रम में अध्ययनरत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्रों को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभ तभी दिया जाएगा, जब उनका प्रवेश पूरी तरह पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से हुआ हो। इसके अंतर्गत संस्थान द्वारा सार्वजनिक विज्ञापन जारी कर आवेदन आमंत्रित करना, रैंक सूची तैयार करना और चयन सूची प्रकाशित करना अनिवार्य किया गया है। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया है कि छात्रों से केवल सक्षम प्राधिकारी अथवा शुल्क नियामक समिति द्वारा अनुमोदित शुल्क ही लिया जाए। संशोधित नियमों के तहत सामान्य वर्ग के छात्रों को भी समान रूप से शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभ मिलेगा, बशर्ते उनका प्रवेश पारदर्शी प्रक्रिया के अंतर्गत हुआ हो और उनसे अनुमोदित शुल्क ही लिया गया हो। उपनिदेशक आनंद कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि मैनेजमेंट कोटा, स्पॉट एडमिशन के अलावा किसी भी प्रकार की गैर-पारदर्शी प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से प्रवेश लेने वाले छात्रों को योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा। साथ ही संस्था द्वारा निर्धारित से अधिक फीस वसूले जाने की स्थिति में भी लाभ देय नहीं होगा।

## मतदाता सूची में अपना नाम जल्द दर्ज कराएं: खालिद रशीद

लखनऊ। इमाम ईदगाह लखनऊ एवं इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के चेयरमैन मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने अपने एक बयान में कहा कि जैसा कि आप सभी जानते हैं, भारत निर्वाचन आयोग ने 6 जनवरी को स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के तहत वर्ष 2026 की ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी कर दी है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश में एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने से पहले मतदाताओं की कुल संख्या 15.44 करोड़ थी, जबकि 6 जनवरी को प्रकाशित ड्राफ्ट सूची के अनुसार विभिन्न कारणों से लगभग 2.89 करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हो सके हैं। ऐसे सभी मतदाता जिनका नाम वर्ष 2025 की मतदाता सूची में मौजूद था, लेकिन किसी कारणवश वे फॉर्म जमा नहीं कर सके, या जिन्होंने फॉर्म तो जमा कर दिया था लेकिन इसके बावजूद उनका नाम ड्राफ्ट सूची में शामिल नहीं हुआ है, उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे मतदाताओं को बिना किसी देरी के अपने संबंधित क्षेत्र के बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर), किसी राजनीतिक दल के एजेंट, स्थानीय पार्षद या जिम्मेदार व्यक्तियों से संपर्क करना चाहिए।

# केन्द्र और राज्य कर्मी पुरानी पेंशन बहाली के लिए एकमत

## प्रतिवर्षानुसार राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का खिचड़ी भोज

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। पूर्व वर्षानुसार इस वर्ष भी डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ भवन प्रागण में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद द्वारा नववर्ष एवं खिचड़ी भोज का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इं. अमरनाथ यादव और मुख्य अतिथि शिवगोपाल मिश्रा, विशिष्ट अतिथि इं. हरि किशोर तिवारी द्वारा की गई। कार्यक्रम में केन्द्र एवं राज्य कर्मचारी संगठनों के सैकड़ों पदाधिकारियों ने भागीदारी दर्ज कराते हुए अपने विचार साझा किये। कार्यक्रम के संयोजक कार्यवाहक अध्यक्ष इं. एन.डी. द्विवेदी ने सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए सभी संगठनों को एकजुट होकर आन्दोलन के प्रति अपनी प्रतिबंधता जताई। उन्होंने बताया कि नार्दन मेन्स यूनियन के महासचिव कामरेड़ शिवगोपाल मिश्रा चूकि ऑठवे वेतन आयोग एवं पुरानी पेंशन की उच्च स्तरीय केन्द्र सरकार द्वारा बनाई गई कमेटियों में पक्ष रखकर निर्णय कराते है। इस अवसर पर सभी ने एकजुट होकर पुरानी पेशन बहाली पर एकमत विचार प्रस्तुत करते हुए पुरानी पेंशन बहाली पर जोर दिया। खिचडी भोज में उपस्थिति विभिन्न केन्द्र एवं राज्य कार्मिक संगठनों के नेताओं को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि नार्दन मेन्स यूनियन के महासचिव कामरेड़ शिवगोपाल मिश्रा ने कहा कि आठवा वेतन आयोग को लाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी, कुछ अधिकारी नही चाहते थे कि इसे लाया जाए। इसकी शुरूआत पिछले वर्ष इसी खिचडी भोज में तय की गई थी। उसी के अनुरूप पत्राचार और आन्दोलनों की तैयारी से केन्द्र सरकार को अवगत कराते हुए वार्ता रूक्रम जारी हुआ और उसके परिणाम स्वरूप वेतन आयोग आया। अब कम से कम 9वें और 10वे वेतन आयोग का रास्ता साफ हो गया है। इस प्रकार पिछले 12 वर्षों तक पुरानी पेंशन बहाली पर विशेष कर आप लोगों ने लखनऊ से दिल्ली साइकिल यात्रा से लेकर कई बार लाखों की संख्या में रैली, धरना प्रदर्शन, मशाल जुलूस आदि के माध्यम से विरोध प्रदर्शन ध्यानाकर्षण तथा फिर 2023 में हमारे केन्द्रीय कर्मचारियों के साथ इसी प्रकार के कई और बड़े आन्दोलन तथा दिल्ली के रामलीला मैदान को भरकर लाखों की संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई जिसके परिणाम स्वरूप पुरानी पेंशन के लिए कमेटी बनाकर वार्ता शुरू हुई। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के साथ तथ्यों के आधार पर यूपीएस मोडल जिसमें पुरनी पेंशन की भाँति अन्तिम वेतन का 50 प्रतिशत था उस पर महंगाई भत्ता देय होगा। इसी प्रकार पारिवारिक पेंशन व्यवस्था भी पूर्व से अच्छी हुई है। कुछ कमियॉ दिख रही है उस पर कार्य करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर इं. हरिकिशोर तिवारी अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने कहा कि हमें हमारे हक अपने आप समय से नही मिलते उन्हें एकजुटतापूर्ण आन्दोलन से ही प्राप्त किया जा सकता है। कार्यवाहक अध्यक्ष इं. एन.डी. द्विवेदी ने कहा कि चुनावी वर्षों में आन्दोलन के दबाव में कुछ कर्मचारी हितों को हासिल किया जा सकता है। प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील पाण्डेय ने कहा कि कार्मिकों को जो पूर्वजों से मिला हुआ है उसे बचाने के लिए आन्दोलन करना पड़ रहा है। कार्यक्रम को आयकर के रविन्द्र सिंह, एआईआरएफ के का. एस.यू. शाह, विभूति मिश्रा, इं. शिवशंकर मिश्रा, कामरेड आर.के पाण्डेय रेलवे, राज्य कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय,इं. एस.पी. मिश्रा, इं. श्रीप्रकाश गुप्ता, अशोक तिवारी, इं.क्षमा नाथ दुबे, पी.के. शर्मा,सुशील कुमार त्रिपाठी, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अतिरिक्त महामंत्री डा. नरेश, यदुवीर सिंह यादव, विजय कुमार त्रिपाठी, संतोष तिवारी, एस.सी. दीक्षित, इं. एच.एन. मिश्रा, चालक संघ के सुभाष मिश्रा,अखिल भारतीय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ के महासचिव सुरेश सिंह यादव, इं. राजेश वर्मा, इं. दिवाकर राय, इं. सुशील परिहार ,फहीम अख्तर कृषि विभाग,इं. श्रवण कुमार, सुशील कुमार बच्चा, लोनिवि आउटसोर्सिंग चालक संघ के अनिल सिंह और राहुल सिंह सहित कई वरिष्ठ कर्मचारी नेताओं ने अपने विचार रखें।

## रोड एक्सीडेंट में मैनेजर की मौत, डिवाइडर से टकराकर कार पलटी, 3 दोस्त घायल

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के गोमती नगर इलाके में बीती रात एक कार डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार कि कार पलट गई। कार सवार 4 लोग घायल हो गए। घायलों में से एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान दीपक बिष्ट के रूप में हुई। वह एजुकेशन टेक कंपनी में मैनेजर के पद पर तैनात था। 4 बहनों में इकलौता भाई था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। रामपुर सिविल लाइंस निवासी दीपक बिष्ट लखनऊ में रहते थे। वह गोमती नगर की एजुकेशन टेक कंपनी में मैनेजर के पद पर तैनात थे। शनिवार देर रात वह अपने साथी को छोड़ कर आलमबाग बस अड्डे से वापस आ रहे थे। इस दौरान उनकी कर लोहिया चौराहे पर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी पलट गई। उसके शीशे टूट गए और दोनों एयरबैग खुल गए। कार सवार 4 लोग बुरी तरीके से घायल हो गए। इसमें दीपक बिष्ट ने लोहिया संस्थान की इमरजेंसी में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

# पुलिस का यूपीकॉप एप बना आमजन का सारथी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- घर बैठे आमजन एफआईआर समेत 27 सुविधाओं का उठा रहे लाभ

लखनऊ। योगी सरकार ने पिछले पौने नौ वर्षों में स्मार्ट पुलिसिंग को लेकर कई कदम उठाए हैं। सरकार की यह मुहिम पुलिस से लेकर आमजन के लिए बड़ी राहत और भरोसे का माध्यम बन गयी है। राज्य सरकार की यूपी पुलिस का यूपीकॉप एप और सिटीजन पोर्टल आज प्रदेशवासियों के लिए ‟डिजिटल पुलिस स्टेशन” की तरह काम कर रहा है। प्रदेशवासी एप के माध्यम से न सिर्फ घर बैठे एफआईआर दर्ज करा रहे हैं बल्कि 27 प्रकार की पुलिस सेवाओं का लाभ बिना थाने गए उठा रहे हैं।

डीजीपी राजीव कृष्ण ने रविवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिसिंग को जनकेंद्रित, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए टेक्नोलॉजी से जोड़ा है। उनकी दूरदर्शी सोच का ही नतीजा है कि आज यूपी पुलिस तकनीक के जरिये आम जनमानस की सेवा में नई मिसाल कायम कर रही है। यूपीकॉप एप ने थानों के चक्कर लगाने की मजबूरी को काफी हद तक कम कर दिया है। वहीं एप से विभिन्न सेवाओं के निस्तारण की समयावधि में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गयी है। उन्होंने बताया कि एप के जरिए लोग ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करने, एफआईआर की कॉपी डाउनलोड करने, खोये सामान की रिपोर्ट दर्ज कराने, चरित्र सत्यापन, किरायेदार सत्यापन, घरेलू सहायक सत्यापन, कर्मचारी सत्यापन समेत 27 प्रकार की सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। अब तक 50 लाख से अधिक यूजर्स एप को डाउनलोड कर चुके हैं। एप के माध्यम से 2.1 करोड़ से ज्यादा एफआईआर डाउनलोड की जा चुकी हैं जबकि 7.3




लाख से अधिक लोगों ने खोये सामान की रिपोर्ट दर्ज करायी है। यह आंकड़े मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की डिजिटल पुलिसिंग की सोच के महत्व को दर्शाते हैं। डीजीपी ने बताया कि यूपी कॉप एप में कई आधुनिक सुविधाएं भी जोड़ी गई हैं। इसमें रीयल-टाइम नोटिफिकेशन के जरिए आवेदकों को उनके आवेदन की स्थिति की तुरंत जानकारी मिल रही है। यह एप हिंदी और अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है, जिससे हर वर्ग के लोग आसानी से इसका उपयोग कर रहे हैं। वहीं, सुरक्षा के लिहाज से लोकेशन ट्रैकिंग और एसओएस बटन जैसी सुविधाओं को भी अपग्रेड किया गया है। इसके अलावा एप पर नजदीकी पुलिस स्टेशन को मैप पर देखने की सुविधा भी दी गई है, जो आपात स्थिति में काफी उपयोगी साबित हो रही है। एप से विभिन्न सेवाओं के निस्तारण में लगने वाले समय में भारी कमी आयी है। वर्तमान में चरित्र सत्यापन में लगभग 6 दिन का समय लग रहा है जबकि पहले इसमें 8 दिन लगते थे। इस तरह किरायेदार सत्यापन में करीब 8 दिन लग रहे हैं जबकि पहले 24 से 25 दिन लगते थे, कर्मचारी सत्यापन में करीब 5 दिन लग रहे हैं जबकि पहले 13 दिन लगते थे। इसके साथ ही योगी सरकार का पब्लिक ग्रेवांस रिव्यू पोर्टल भी आमजन के लिए प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। पोर्टल के जरिए आमजन अपनी शिकायतें दर्ज करा रहे हैं, जिनकी नियमित समीक्षा और समयबद्ध निस्तारण भी किया जा रहा है। इससे पुलिस की जवाबदेही बढ़ी है और शिकायतकर्ताओं को यह भरोसा मिला है कि उनकी बात सुनी जा रही है।डीजीपी ने कहा कि यूपीकॉप ऐप उत्तर प्रदेश पुलिस का 'डिजिटल पुलिस स्टेशन' है, जो नागरिकों की शिकायतों और सेवाओं के त्वरित, पारदर्शी और समयबद्ध निस्तारण की व्यवस्था देता है। टेक्नोलॉजी के माध्यम से हम सेवा-प्रक्रियाओं का मानकीकरण कर रहे हैं ताकि हर आवेदन पर समान गति, समान पारदर्शिता और निश्चित समय-सीमा सुनिश्चित हो। टेक्नोलॉजी-आधारित जनशिकायत निवारण से पुलिसिंग अधिक जनकेंद्रित और जवाबदेह बन रही है। यही स्मार्ट पुलिसिंग का वास्तविक अर्थ है।

## मनरेगा को बचाने की लड़ाई सड़क से संसद तक लड़ेगी कांग्रेस: केएल शर्मा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने आज कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज में मनरेगा को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला। मीडिया से मुखातिब केएल शर्मा ने कहा कि मनरेगा कोई साधारण सरकारी योजना नहीं बल्कि करोड़ों ग्रामीण गरीबों के सम्मान, अधिकार, जीविका की संवैधानिक गारंटी है, जिसे यूपीए सरकार ने देश के अंतिम व्यक्ति को सशक्त करने के उद्देश्य से लागू किया था। यूपीए शासनकाल में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व, यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी की दूरदर्शी सोच, संकल्प, राहुल गांधी के जमीनी संघर्ष के परिणामस्वरूप मनरेगा को ‟काम का अधिकार” का रूप मिला। डॉ. मनमोहन सिंह ने इसे नीतिगत मजबूती दी, सोनिया गांधी ने सामाजिक न्याय के संकल्प के साथ इसे आगे बढ़ाया और राहुल गांधी ने गांव-गांव जाकर मजदूरों की पीड़ा को समझते हुए महिलाओं, मजदूरों,किसानों के लिए संघर्ष कर योजना की पारदर्शिता और गरीबों की आजीविका का सशक्त आधार बनाया।उन्होंने कहा कि मनरेगा के लागू होने से गांवों से पलायन रुका, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली, गरीब परिवारों को सम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर मिला। यह योजना केवल रोजगार नहीं बल्कि सामाजिक सुरक्षा की मजबूत दीवार बनकर उभरी। किशोरी लाल शर्मा ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने सत्ता में आते ही मनरेगा की आत्मा पर सीधा प्रहार किया। काम की उपलब्धता घटा दी गई, मजदूरी भुगतान में देरी को सामान्य बना दिया गया और ग्राम पंचायतों के अधिकार कमजोर कर दिए गए। जहां पहले 100 दिन के काम की गारंटी थी, आज मजदूर काम मांगने पर भी निराश लौट रहा है। न्यूनतम मजदूरी का अधिकार कागजों तक सीमित है।

## दूषित पेयजल

यह विडंबना ही है कि हमारे नागरिक प्रशासन का नियामक तंत्र आग लगने पर कुआं खोदने की मानसिकता से मुक्त नहीं होता। यदि समय रहते संवेदनशील या फिर घातक साबित होने वाली स्थिति व परिस्थिति पर नजर रखी जाए तो जनधन की हानि टाली भी जा सकती है। हाल ही में दूषित पेयजल से इंदौर में हुई जन हानि के बाद रोहतक और झज्जर की उन चेतावनियों की अनदेखी नहीं की जा सकती,जिसमें नागरिक घरों में आने वाले गंदे व बदबूदार पानी की शिकायत करते रहे हैं। निश्चय ही इस स्थिति को जन स्वास्थ्य से जुड़े आपातकाल के रूप में देखा जाना चाहिए। इसके साथ ही नागरिकों की शिकायत की जांच-पड़ताल कर अविलंब कार्रवाई भी होनी चाहिए। लेकिन इसके बावजूद जवाबदेही न निभाने और एक-दूसरे विभाग पर दोष मढ़ने का पुराना सिलसिला ही अकसर सामने आता है। उल्लेखनीय है कि इंदौर की हालिया दूषित पेयजल की त्रासदी में नगरपालिका द्वारा सप्लाई किए जा रहे पानी के सेवन से कई लोगों की जान चली गई और बड़ी संख्या में लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

**हाल ही में दूषित पेयजल से इंदौर में हुई जन हानि के बाद रोहतक और झज्जर की उन चेतावनियों की अनदेखी नहीं की जा सकती,जिसमें नागरिक घरों में आने वाले गंदे व बदबूदार पानी की शिकायत करते रहे हैं। निश्चय ही इस स्थिति को जन स्वास्थ्य से जुड़े आपातकाल के रूप में देखा जाना चाहिए। इसके साथ ही नागरिकों की शिकायत की जांच-पड़ताल कर अविलंब कार्रवाई भी होनी चाहिए। लेकिन इसके बावजूद जवाबदेही न निभाने और एक-दूसरे विभाग पर दोष मढ़ने का पुराना सिलसिला ही अकसर सामने आता है। उल्लेखनीय है कि इंदौर की हालिया दूषित पेयजल की त्रासदी में नगरपालिका द्वारा सप्लाई किए जा रहे पानी के सेवन से कई लोगों की जान चली गई और बड़ी संख्या में लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।**

विडंबना यह है कि वहां भी नागरिकों की शुरुआती चेतावनियों को सामान्य शिकायतों के रूप में देखकर खारिज कर दिया गया था। लेकिन एक दर्जन से अधिक लोगों की मौत के बाद अधिकारियों ने स्वीकार किया कि इंदौर में पेयजल पाइपलाइनों में सीवेज का रिसाव हुआ था। यह स्वीकारोक्ति भी तब सामने आई जब बड़ा नुकसान हो चुका था। लगता है कि रोहतक व झज्जर भी इसी तरह के आसन्न खतरे के मुहाने पर खड़े हैं। वैसे देखा जाए तो देश के विभिन्न हिस्सों में सामने आने वाले ऐसे मामले न तो रहस्यमय हैं और न ही ये कोई नई बात ही है। बुनियादी ढांचागत व्यवस्था का जर्जर होना, सीवर लाइनों में रिसाव, अनियोजित शहरी विस्तार और नागरिक एजेंसियों के बीच आवश्यक समन्वय का अभाव, अकसर ऐसी स्थिति पैदा कर देता है, जहां सीवेज और पीने का पानी खतरनाक रूप से एक-दूसरे के करीब आ जाते हैं। गाहे-बगाहे देश के विभिन्न भागों में स्थानीय नागरिक जब-तब आरोप लगाते हैं कि पीने के पानी में सीवर का पानी मिलने की आशंका है। ऐसे में शासन-प्रशासन की पहली प्रतिक्रिया, इसके सत्यापन, पाइप लाइन की मरम्मत और वैकल्पिक पेयजल उपलब्ध कराने की होनी चाहिए। ऐसे में स्वास्थ्य संकट को दूर करने और अपनी बात मनवाने के लिये यदि नागरिकों को सड़कों पर उतरना पड़ता है तो यह शासन-प्रशासन की विफलता को ही दर्शाता है। विडंबना यह है कि जल प्रदूषण का सबसे बुरा असर समाज के कमजोर वर्ग पर ही पड़ता है। ऐसे में बच्चे, बुजुर्ग और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोग इसकी चपेट में आते हैं। निर्विवाद रूप से दूषित जल से डायरिया, हेपेटाइटिस और अन्य दूषित जल जनित बीमारियों का प्रभाव तेजी से फैलता है। जिसके चलते अफरा-तफरी के बीच अक्सर स्थानीय स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा जाती है। ऐसे में तंत्र की निष्क्रियता की कीमत आम लोगों को न केवल अस्पताल के भारी-भरकम बिलों के रूप में, बल्कि जानमाल के नुकसान और प्रशासन के प्रति जनता के विश्वास में आई कमी के रूप में भी चुकानी पड़ती है। निश्चित रूप से दूषित पाइपलाइनों को तुरंत बंद किया जाना चाहिए। व्यापक स्तर पर प्रभावित क्षेत्र में जल स्रोतों का परीक्षण होना चाहिए। साथ ही यह भी जरूरी है कि प्रभावित क्षेत्र में व्यापक स्तर पर लिए गए पानी के नमूनों की जांच के परिणाम भी सार्वजनिक किए जाएं। इसके अलावा आवश्यक है कि दूषित सिस्टम के सुरक्षित प्रमाणित होने तक सुरक्षित वैकल्पिक जल आपूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि जिम्मेदारी तय की जाए, न कि बांटी जानी चाहिए। सही मायनों में शहरी प्रशासन की कुशलता को स्वच्छ जल, स्वच्छता और जन-सुरक्षा जैसी बुनियादी बातों के मूल्यांकन के आधार पर मापा जाना चाहिए। ऐसे में इंदौर के घटनाक्रम को एक चेतावनी मानते हुए रोहतक और झज्जर के मामले में तत्काल कार्रवाई करने की जरूरत है।

# स्वामी विवेकानंद और मोदी युग का भारत



**प्रोफ़ेसर डॉ. हरेन्द्र सिंह**
सरकार द्वारा 'शिक्षकश्री' विभूषित ख्याति प्राप्त शिक्षाविद, शैक्षिक प्रशासक, प्रोफ़ेसर एवं राष्ट्रवादी चिन्तक
harendra_2k@yahoo.com

**स्वामी विवेकानंद की राष्ट्र की परिकल्पना वह नहीं थी जो केवल शक्ति-उन्मुख उदारवाद या केवल सांस्कृतिक पुनरुत्थान में सीमित रहती। वे राष्ट्र को बौद्धिक नैतिकता, आत्मविश्वास और सामाजिक कार्यक्षमता के तीन केंद्रीय आयामों के संयोजन के रूप में देखते थे। आज के भारत में इन तीनों का आपस में टकराव, समन्वय और फिर संश्लेषण स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। वह भारत जहाँ विश्व की सबसे बड़ी युवा आबादी है और जिसे सामूहिक श्रम शक्तियों में प्रतिस्पर्धात्मक योग्यता, कौशलात्मक संवर्धन और वैश्विक मांग के अनुरूप परिवर्तन की आवश्यकता है, वह आज वैश्विक मानचित्र पर तेजी से उभर रहा है; परन्तु उसकी आंतरिक संरचना में गहन प्रश्न भी उपस्थित हैं। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि एक राष्ट्र की महानता उसके नागरिकों की आत्म प्रतिष्ठा और नैतिक शक्ति से आंकी जाती है। आज भारत आर्थिक विकास के दृष्टिकोण से तेजी से उभर रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर लगभग 7.4% रहने का अनुमान है, जो वैश्विक मंदी के बावजूद अर्थव्यवस्था की मजबूती का संकेत देता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि घरेलू मांग, निवेश और सार्वजनिक खर्च जैसे आयाम भारत की विकास क्षमता को विश्व मानचित्र पर स्थापित कर रहे हैं।**





भारत की वर्तमान नीतिपरक सोच और राष्ट्रीय आत्म-प्रतिष्ठा का चिंतन स्वामी विवेकानंद के दर्शन से उपजती गहन बौद्धिक धारा में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। स्वामी विवेकानंद के विचारों ने भारत को केवल सांस्कृतिक, आध्यात्मिक या ऐतिहासिक भूगोल के रूप में नहीं बल्कि एक सक्रिय, नैतिक और वैश्विक तथा प्रभावकारी शक्ति के रूप में परिकल्पित किया है। उनका दर्शन राष्ट्रीय शक्ति को राज-तंत्र के प्रत्यक्ष प्रभाव से भी ऊपर उठाकर वह 'सत्ता का गहन आत्म-समर्थन' मानता था जो सभ्यता के मूलभूत स्तंभों चरित्र, शिक्षा, आत्मविश्वास और सेवा पर आधारित हो। आज, मोदी युग का भारत इसी प्रश्न को नई सांस्कृतिक व राजनीतिक भाषा में व्यक्त कर रहा है; जहाँ विकासवाद और वैचारिक पहचान के बीच एक विषम संतुलन स्थापित हो रहा है।

स्वामी विवेकानंद की राष्ट्र की परिकल्पना वह नहीं थी जो केवल शक्ति-उन्मुख उदारवाद या केवल सांस्कृतिक पुनरुत्थान में सीमित रहती। वे राष्ट्र को बौद्धिक नैतिकता, आत्मविश्वास और सामाजिक कार्यक्षमता के तीन केंद्रीय आयामों के संयोजन के रूप में देखते थे। आज के भारत में इन तीनों का आपस में टकराव, समन्वय और फिर संश्लेषण स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। वह भारत जहाँ विश्व की सबसे बड़ी युवा आबादी है और जिसे सामूहिक श्रम शक्तियों में प्रतिस्पर्धात्मक योग्यता, कौशलात्मक संवर्धन और वैश्विक मांग के अनुरूप परिवर्तन की आवश्यकता है, वह आज वैश्विक मानचित्र पर तेजी से उभर रहा है; परन्तु उसकी आंतरिक संरचना में गहन प्रश्न भी उपस्थित हैं। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि ल्लएक राष्ट्र की महानता उसके नागरिकों की आत्म प्रतिष्ठा और नैतिक शक्ति से आंकी जाती है।ङ्क आज भारत आर्थिक विकास के दृष्टिकोण से तेजी से उभर रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर लगभग 7.4% रहने का अनुमान है, जो वैश्विक मंदी के बावजूद अर्थव्यवस्था की मजबूती का संकेत देता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि घरेलू मांग, निवेश और सार्वजनिक खर्च जैसे आयाम भारत की विकास क्षमता को विश्व मानचित्र पर स्थापित कर रहे हैं। लगभग इसी अवधि में बाजार-निगमन और उद्योग-संकेतक भी सकारात्मक रहे, जिससे उत्पादन, सेवा और बहुसंख्यक श्रमिक वर्ग के अवसरों का विस्तार हुआ है। तुलनात्मक रूप से, यदि केवल विकास दर के आंकड़ों को देखा जाए तो एक पक्ष आवश्यक रूप से ही सामने आता है, और वह यह है कि आर्थिक वृद्धि बढ़ रही है। किंतु विवेकानंद के चिंतन की गहराई यह पूछती है कि क्या यह विकास मानवीय स्वतंत्रता, कौशलात्मक योग्यता, समावेशन और सामाजिक क्षमताओं के सापेक्ष है? यह प्रश्न विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि आर्थिक वृद्धि के साथ सामाजिक संकेतकों, जैसे रोजगार, शिक्षा की गुणवत्ता, कौशल और युवा सशक्तिकरण का स्तर आवश्यक रूप से उन्नत नहीं हुआ है। उदाहरण के लिए, भारत में उन्मुक्त बेरोजगारी की दर अपेक्षाकृत कम रही है (लगभग 4.3% अनुमानित), परंतु श्रमिक भागीदारी दर लगभग 57% ही दिखती है, जिसका अर्थ है कि लगभग आधे श्रमिकों को कार्यशक्ति में पूर्णरूपेण समाहित होने में बाधा है, और यही एक सामाजिक विकास की बाधा है। बेरोजगारी की बात करें, तो युवा वर्ग में यह समस्या और अधिक गहन रूप ले लेती है। युवा बेरोजगारी लगभग 16% के स्तर पर है, जो कुल राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक है और यह संकेत करता है कि भारत का युवा वर्ग, जिसे स्वामी विवेकानंद ने देश के नैतिक ऊर्जा स्रोत के रूप में देखा था, वास्तविक अर्थ में आर्थिक संरचना में पर्याप्त रूप से समाहित नहीं हो पा रहा है। यह आंकड़ा केवल अवसरों की कमी नहीं बल्कि शिक्षा नैपुण्य और औद्योगिक मांग के बीच एक स्पष्ट असंतुलन को इंगित करता है, जो स्वमू जी की उस चेतना से प्रतिकूल प्रतीत होता है जहाँ शिक्षा को मानव की समग्र क्षमता को जागृत करने वाला माध्यम माना गया था, न कि केवल नौकरी प्राप्त करने का साधन। यह असंतुलन शिक्षा सम्बन्धी वित्त और कौशल निर्माण की नीतिगत संरचना की सीमाओं को भी उजागर करता है। भारत में कौशल, शिक्षा और रोजगार के बीच का विभाजन एक नीतिगत चुनौती बना हुआ है। शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता के संदर्भ में, व्यापक पैमाने पर अध्ययन बताते हैं कि उच्च शिक्षा प्राप्त श्रमिकों में भी रोजगार प्राप्ति के अवसर अपेक्षाकृत सीमित हैं, और शिक्षित बेरोजगारी दर 7.1% के आसपास बनी हुई है। यह संकेत देता है कि शिक्षा केवल औपचारिक प्रमाणपत्रों का संग्रह न रहकर वास्तविक उद्योग से सम्बद्ध क्षमता, नवाचार और समस्या-समाधान कौशल का वितरण होना चाहिए, यह एक विचार स्वामी विवेकानंद जी की शिक्षा दृष्टि का मूल था। स्वामी विवेकानंद की शिक्षा दृष्टि की महत्ता यह भी थी कि वह भारतीय शिक्षा को एक विशुद्ध तकनीकी उपकरण या वैश्विक रोजगार की मशीन के रूप में नहीं देखते थे, बल्कि मानव का आत्म-बल, चरित्र और नैतिक क्षमता विकसित करने का माध्यम मानते थे। श्रमिक वर्ग की व्यावसायिक भागीदारी और स्व-रोजगार, स्टार्टअप संस्कृति में वृद्धि जैसे पहलुओं में भारतीय अर्थव्यवस्था का रुझान इस दृष्टिकोण के साथ तालमेल करता प्रतीत होता है। भारत में 2025-26 तक 1.13 लाख स्टार्टअप्स संचालित हो रहे हैं, जिनमें महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है, यह दर्शाता है कि नवाचार पर आधारित अर्थव्यवस्था युवाओं को स्वरोजगार के अवसरों और उद्यमशीलता की दिशा में प्रेरित कर रही है। यह स्वामी विवेकानंद के उस भाषण को प्रत्यक्ष संदर्भ देती है जहाँ उन्होंने युवाओं में आत्मनिर्भरता और सृजनशीलता पर बल दिया था। स्वामी विवेकानंद का चिंतन केवल सांस्कृतिक आत्म-बोध तक सीमित नहीं रहा; वह देश की आत्म-निर्भरता की कल्पना को भी विस्तृत करता है, जहाँ भारत केवल संसाधनों के उपभोक्ता के रूप में नहीं बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के सक्रिय सहभागी, प्रतिभा-उत्पादक और नीति-निर्माता रूप में उपस्थित हो। इंडिया स्किल्स रिपोर्ट 2026 के अनुसार भारत की रोजगार प्राप्ति लगभग 56.35% तक पहुँच गई है, और पहली बार महिलाओं की रोजगार प्राप्ति की स्थिति पुरुषों से कहीं अधिक रही है। यह न केवल लैंगिक समानता के बल पर आधारित प्रगति का संकेत है, बल्कि यह भी दिखाता है कि भारत की कौशल आधारित नीतियाँ न केवल रोजगार की दिशा बदल रहीं हैं, बल्कि एक समावेशी अर्थव्यवस्था के निर्माण का मार्ग भी प्रशस्त कर रही हैं, एक ऐसा लक्ष्य है जो स्वामी विवेकानंद के नैतिक उन्नयन और नागरिक क्षमता को बढ़ाने के दृष्टिकोण के अनुरूप प्रतीत होता है। विमर्श में यह भी महत्वपूर्ण है कि स्वामी विवेकानंद का राष्ट्र सम्बन्धी दर्शन अंत्योदय और न्याय पर आधारित विकास के सिद्धांतों के साथ जुड़ा रहा। आज की राजनीतिक व आर्थिक नीतियों में भी यह प्रश्न प्रमुखता से उपस्थित है। ग्रामीण रोजगार अधिनियम जैसे नवीन कानून ग्रामीण अर्थव्यवस्था में स्थिरता, पारदर्शिता और आजीविका की सुरक्षा प्रदान करने के लिए लागू किए जा रहे हैं, जो ग्रामीण भारत की क्षमता को समावेशी अवसरों की दिशा में ले जा रहे हैं। यह पहल उन चिंताओं को संबोधित करती है जिन्हें स्वामी विवेकानंद ने समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के संदर्भ में किया था, जहाँ शिक्षा और कौशल समान रूप से गरीबी, असमानता और सामाजिक विभाजन से उत्पन्न बाधाओं को चुनौती देते हैं। स्वामी विवेकानंद की विमर्श धारा न केवल आत्म-विश्वास और राष्ट्रीय शक्ति को प्राथमिकता देती है, बल्कि यह वैज्ञानिकता, बौद्धिक क्षमता, समस्या-समाधान, कौशल और नवाचार को भी राष्ट्र निर्माण के केंद्रीय घटकों के रूप में मानती है। आज भारत की नीति मार्गदर्शिका में डिजिटल अर्थव्यवस्था, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए आई) आधारित कौशल, और स्मार्ट विनिर्माण जैसे विषय तेजी से शामिल हो रहे हैं। हालांकि तकनीकी बदलाव नौकरियों में संभावित व्यवधान भी उत्पन्न कर रहे है। विश्व बैंक के अनुमान के अनुसार कृत्रिम बुद्धिमत्ता और स्वचालन से 69% तक नौकरियों पर प्रभाव पड़ने की संभावना का आंकड़ा, यह संकेत करता है कि नीति-निर्माण में पुनःकौशल, दीर्घकालिक शिक्षा सुधार और सामाजिक सुरक्षा नेटवर्क को समुचित रूप से शामिल करना होगा। स्वामी विवेकानंद का चिंतन राष्ट्र की आत्म-निर्माण क्षमता को समाज में सतत आत्म निरीक्षण, आत्मविश्वास और सेवा की भावना से जोड़ता है, जिसका अर्थ केवल एक आर्थिक रूपांतरण नहीं, बल्कि एक नैतिक, बौद्धिक और सामाजिक उन्नयन है। आज के भारत में, जबकि अर्थव्यवस्था स्पष्ट रूप से मजबूत हो रही है, सामाजिक और शिक्षा पर आधारित संकेत यह दिखाते हैं कि विकास का आत्मिक और वैचारिक आधार अभी भी एक सक्रिय चुनौती है। स्वामी विवेकानंद की पंक्तियाँ "The nation is built from iwthin" इस प्रश्न को और अधिक गहरा करती हैं, और यह सुझाव देती हैं कि राष्ट्रीय शक्ति केवल आर्थिक आंकड़ों या वोट बैंक राजनीति तक सीमित नहीं; वह नागरिकों की नैतिक, बौद्धिक और सांस्कृतिक क्षमता का परिणाम है। इसलिए, मोदी युग का भारत एक विकासशील, पुनर्संरचित और सम्भावनाओं से भरा हुआ राष्ट्र है; परन्तु उसकी असली चुनौती यह है कि वह विकास की गति को 'आत्म-निर्माण की गति' में परिवर्तित कर सके, जहाँ हर नागरिक, विशेषकर युवा, अपनी प्रभावशाली क्षमता की पूर्णता तक पहुँच सके। यही वह बौद्धिक मिशन है जिसे विवेकानंद ने 19वीं सदी में प्रतिपादित किया था, और यह आज एक वैचारिक आधार के रूप में भारत की नीति-दृष्टि में प्रतिध्वनित हो रहा है।

...........................

लेखकः प्रोफ़ेसर डॉ. हरेन्द्र सिंह उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त 'शिक्षक श्री' सम्मान से अलंकृत, एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद्, दूरदर्शी शैक्षिक नेतृत्वकर्ता तथा राष्ट्रवादी चिंतक हैं। वे डी.पी.एम. इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन बहसूमा, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में शिक्षाशास्त्र के प्रोफ़ेसर एवं प्राचार्य निदेशक के पद पर कार्यरत हैं।

# यंग लीडर्स डायलॉग और युवा शक्ति से विकसित भारत

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**स्वामी विवेकानंद केवल भारत की युवा चेतना के जागरण के सबसे प्रखर उद्घोषक हैं। उन्होंने युवाओं की बुद्धि, शक्ति और आत्मविश्वास को पहचानते हुए उन्हें यह अमर संदेश दिया था कि उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको। यह वाक्य केवल राष्ट्र निर्माण का सूत्र है। विवेकानंद का विश्वास था कि युवा केवल समाज का हिस्सा नहीं होते, वे ही परिवर्तन के वाहक होते हैं। इसी कारण उन्होंने युवाओं से अपार आशाएं रखीं और उन्हें भारत के भविष्य का शिल्पकार माना। राष्ट्रीय कवि रामधारी सिंह दिनकर ने अपनी कालजयी कृति संस्कृति के चार अध्याय में स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक योगदान को अत्यंत सटीक शब्दों में अभिव्यक्त किया है। दिनकर लिखते हैं कि अभिनव भारत को जो कुछ कहना था, वह विवेकानंद के मुख से प्रकट हुआ।**

यह कोई साधारण जनवरी नहीं है। यह वह समय है जब राष्ट्र अपनी सबसे बड़ी पूंजी, यानी युवा शक्ति से सीधा संवाद करने जा रहा है। प्रश्न सरल है, पर गहन है। क्या हम केवल भविष्य की बातें करेंगे या भविष्य का निर्माण भी करेंगे। इसी प्रश्न के केंद्र में 12 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाला विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग खड़ा है और इसी संवाद की धड़कन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वह आवाज सुनाई देती है जो युवाओं उनके साथ मिलकर राष्ट्र निर्माण की यात्रा तय करना चाहती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि अद्भुत जोश और बेमिसाल जज्बे से भरी हमारी युवा शक्ति सशक्त और समृद्ध राष्ट्र के लिए संकल्पबद्ध है। यह कथन देखा जाए तो समकालीन भारत की राजनीतिक और सामाजिक चेतना का सार है। यह वक्तव्य प्रधानमंत्री मोदी के आधिकारिक वक्तव्यों के संकलन Exam Warriors में युवाओं के संदर्भ में व्यक्त विचारों की निरंतरता को दर्शाता है (लेखकः नरेंद्र मोदी, प्रकाशकः पेंग्विन इंडिया, संस्करण 2018, पृष्ठ 23)। 12 जनवरी 2026 को स्वामी विवेकानंद की जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इस संवाद में प्रधानमंत्री देशभर से चयनित लगभग तीन हजार युवा नेताओं और अंतरराष्ट्रीय प्रवासी समुदाय के युवा प्रतिनिधियों से संवाद करेंगे। यह संवाद इस विश्वास को पुष्ट करता है कि भारत का युवा सिर्फ सुनने वाला वर्ग नहीं, बल्कि नीति निर्माण की प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार है। यही कारण है कि इस मंच पर युवा नेता शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीक, सामाजिक न्याय, पर्यावरण और शासन जैसे विषयों पर अपना संवाद करने आज प्रखरता के साथ संवाद करने आगे आ रहे हैं । अब प्रश्न उठता है कि 12 जनवरी ही क्यों। इसका उत्तर भारत की राष्ट्रीमय चेतना से जुड़ा है। 12 जनवरी 1863 को जन्मे स्वामी विवेकानंद भारत के लिए सिर्फ एक संन्यासी नहीं थे, वे भारत की युवा चेतना के शिल्पकार हैं। उनका प्रसिद्ध कथन ल्लउठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए आज भी युवाओं के लिए जीवन मंत्र है। यह उद्धरण स्वामी विवेकानंद की पुस्तक Lectures from Colombo to Almora में संकलित है (लेखकः स्वामी विवेकानंद, अद्वैत आश्रम प्रकाशन, कोलकाता, पृष्ठ 16)। स्वामी विवेकानंद का विश्वास था कि युवा समाज की सबसे शक्तिशाली ऊर्जा होते हैं। उन्होंने कहा था कि युवाओं में लोहे जैसी मांसपेशियां और फौलादी नसें होनी चाहिए, जिनका हृदय वज्र तुल्य संकल्प से भरा हो। यह विचार The Complete Works of Swami Vivekananda के खंड 3 में युवाओं को संबोधित व्याख्यानों में मिलता है (लेखकः स्वामी विवेकानंद, अद्वैत आश्रम, खंड 3, पृष्ठ 242)। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा आत्मनिर्भर भारत, स्वस्थ भारत और विकसित भारत की जो परिकल्पना प्रस्तुत की जा रही है, वह विवेकानंद के उसी वज्र संकल्प का आधुनिक रूप है। आत्मनिर्भर, स्वस्थ भारत अभियान के अंतर्गत ग्रामीण और शहरी स्वास्थ्य ढांचे के सुदृढ़ीकरण पर किया जा रहा निवेश इस विचार को मजबूत करता है कि स्वस्थ नागरिक ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। यह वही विचार है जिसे विवेकानंद ने कहा था कि कमजोरी मृत्यु है और शक्ति ही जीवन है, जिसका उल्लेख The Complete Works of Swami Vivekananda, खंड 1, पृष्ठ 18 पर मिलता है। शिक्षा के क्षेत्र में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भी विवेकानंद के विचारों की ही प्रतिध्वनि है। स्वामी विवेकानंद ने स्पष्ट कहा था कि शिक्षा जानकारियों का बोझ नहीं होनी चाहिए, वह चरित्र निर्माण का साधन बने। यह कथन My Idea of Education नामक संकलन में मिलता है (लेखकः स्वामी विवेकानंद, रामकृष्ण मिशन, पृष्ठ 32)। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने स्वामी विवेकानंद के विषय में लिखा था कि स्वामीजी इसलिए महान हैं क्योंकि उन्होंने पूर्व और पश्चिम, धर्म और विज्ञान, अतीत और वर्तमान के बीच सामंजस्य स्थापित किया। यह उद्धरण नेताजी की पुस्तक The Indian Struggle में विवेकानंद पर लिखी टिप्पणी से उद्धृत है (लेखकः सुभाष चंद्र बोस, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, पृष्ठ 288)। प्रसिद्ध इतिहासकार ए. एल. बाशम कहते हैं कि स्वामी विवेकानंद को भविष्य में आधुनिक दुनिया के प्रमुख निर्माताओं में याद किया जाएगा। यह टिप्पणी उनकी पुस्तक The Wonder That Was India के उपसंहार भाग में मिलती है (लेखकः ए. एल. बाशम, पेंग्विन बुक्स, पृष्ठ 562)। स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को निर्भय बनने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सारी शक्ति मनुष्य के भीतर है और यह सोच कि हम कमजोर हैं, सबसे बड़ा भ्रम है। यह विचार The Complete Works of Swami Vivekananda, खंड 2, पृष्ठ 299 में स्पष्ट रूप से मिलता है। वे चाहते थे कि युवा सामाजिक सेवा में उतरें, समाज के सबसे कमजोर वर्ग को अपना भगवान मानें और सेवा को साधना समझें। आज विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग उसी सेवा और साधना को राष्ट्रीय मंच प्रदान कर रहा है। डिजाइन फॉर भारत और टेक फॉर विकसित भारत जैसी पहलें यह बताती हैं कि तकनीक अब सिर्फ सुविधा नहीं रही है या हो सकती है, यह इससे कहीं आगे सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बन गई है। आज कहना यही होगा कि स्वामी विवेकानंद केवल भारत की युवा चेतना के जागरण के सबसे प्रखर उद्घोषक हैं। उन्होंने युवाओं की बुद्धि, शक्ति और आत्मविश्वास को पहचानते हुए उन्हें यह अमर संदेश दिया था कि उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको। यह वाक्य केवल राष्ट्र निर्माण का सूत्र है। विवेकानंद का विश्वास था कि युवा केवल समाज का हिस्सा नहीं होते, वे ही परिवर्तन के वाहक होते हैं। इसी कारण उन्होंने युवाओं से अपार आशाएं रखीं और उन्हें भारत के भविष्य का शिल्पकार माना। राष्ट्रीय कवि रामधारी सिंह दिनकर ने अपनी कालजयी कृति संस्कृति के चार अध्याय में स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक योगदान को अत्यंत सटीक शब्दों में अभिव्यक्त किया है। दिनकर लिखते हैं कि अभिनव भारत को जो कुछ कहना था, वह विवेकानंद के मुख से प्रकट हुआ। विवेकानंद नए भारत की दिशा स्पष्ट करके के साथ स्वयं वह सेतु बने, जहां प्राचीन भारत की आध्यात्मिक परंपरा और आधुनिक भारत की कर्मठ चेतना एक-दूसरे से जुड़ती है। उनके विचारों में परंपरा का गर्व भी है और भविष्य की स्पष्ट दृष्टि भी। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस के पावन क्षण में हम उस महान विचारक को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने युवा शक्ति को राष्ट्र की जीवन ऊर्जा और सामाजिक प्रगति की मूल प्रेरक शक्ति माना। उन्होंने यह सिखाया कि राष्ट्र का उत्थान केवल नीतियों से नहीं, बल्कि जाग्रत, चरित्रवान और सेवा-भाव से प्रेरित युवाओं से होता है। आज उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, हमारे दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवा पीढ़ी की असीम संभावनाओं को पहचाना है और उन्हें सही दिशा देने का संकल्प लिया है। उन्होंने युवाओं को ज्ञान, कौशल और सेवा के पथ पर आगे बढ़ने का आह्वान किया। उनके दृष्टिकोण में "GYAN" केवल एक शब्द नहीं, बल्कि समावेशी विकास का दर्शन है, जहां जी गरीबों के कल्याण का प्रतीक है, वाई युवा सशक्तीकरण का संकल्प है, ए अन्नदाताओं और खाद्य प्रदाताओं के समर्थन का भाव है और एन नारी कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वस्तुतः हमारे प्रधानमंत्री मोदी का भी यही विश्वास है कि जब युवा अपने सामर्थ्य को पहचानते हैं, तो राष्ट्र स्वयं नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर होता है। अमृत काल में विकसित भारत की यात्रा में 12 जनवरी 2026 के संदर्भ में कहना होगा यह युवा आत्मविश्वास, राष्ट्रीय संकल्प और विवेकानंद के स्वप्न का जीवंत उत्सव है। यही उस महान संन्यासी को सच्ची श्रद्धांजलि है और यही भारत के उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत आधारशिला भी है।

# लापरवाह मुख्य सेविका का जनवरी माह का वेतन रोकने के निर्देश

- तिंदवारी व कमासिन सीडीपीओ व मुख्य सेविका से मांगा स्पष्टीकरण
- वीएचएसएनडी कार्य व पोषाहार वितरण लापरवाही पर हुई कार्रवाई
- जिला पोषण समिति की बैठक में डीएम ने की समीक्षा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। जिला पोषण समिति की बैठक में जिलाधिकारी के तेवर काफी सख्त रहे। बबेरू में परियोजना की प्रगति खराब मिलने पर मुख्य सेविका का जनवरी माह का उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए। वहीं तिंदवारी, कमासिन में आभा आईडी सहित सभी इंडिकेटरों की प्रगति खराब होने पर सीडीपीओ समेत मुख्य सेविका को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने को कहा।

कलक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में जिलाधिकारी जे.रीभा ने जिला पोषण समिति की बैठक में ने बच्चों के वजन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के घर-घर भ्रमण, वीएचएसएनडी दिवस कार्य तथा पोषाहार वितरण कार्यों की समीक्षा की। पोषाहार वितरण की समीक्षा में परियोजना के अनुसार चेहरा प्रमाणीकरण करके 68 फीसदी वितरण मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। कहा कि इस माह हर हाल में शत-प्रतिशत पोषाहार का वितरण चेहरा प्रमाणीकरण के माध्यम से किया जाए। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने लक्ष्य के अनुसार, पोषण ट्रैकर में उपलब्ध ड्यू लिस्ट के अनुसार लाभार्थियों के आवेदन तत्काल अग्रसारित करने के निर्देश दिए। चेतावनी दी किसी भी प्रकार के लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान बबेरू में परियोजना की प्रगति खराब मिलने पर मुख्य सेविका का जनवरी माह का उनका वेतन रोकने और तिंदवारी व कमासिन में आभा आईडी सहित सभी इंडिकेटरों की प्रगति खराब मिलने पर सीडीपीओ समेत मुख्य सेविका को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित मुख्य सेविका व सीडीपीओ तथा बाल विकास योजना से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

### विद्यालयों में निर्माण कार्य चालू माह के अंत तक पूरा कराएं

डीएम जे.रीभा ने कलक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में आयोजित जिला शिक्षा अनुश्रवण की बैठक में खंड शिक्षा अधिकारियों एवं खंड विकास अधिकारियों को ऑपरेशन कायाकल्प के तहत प्राथमिक विद्यालयों की चहारदीवारी व दिव्यांग शौचालय निर्माण कार्य चालू माह के अंत तक पूरा कराने के निर्देश दिए। पावर कारपोरेशन एक्सईएन को चालू माह के अंत तक प्राथमिक विद्यालयों के ऊपर से गुजरी एचटी लाइन हटाने को कहा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्तराम तिवारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए सहित जिला पंचायत राज अधिकारी, खंड विकास अधिकारी तथा खंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

# एसआईआर लोकतंत्र की आधारशिला मजबूत करने का महत्वपूर्ण कार्य

- आयुक्त ने नरैनी व सदर विधान सभा क्षेत्र में बूथों का किया निरीक्षण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। मंडलायुक्त ने नरैनी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत अतर्रा और सदर विधान सभा क्षेत्र में चल रहे मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) कार्य का निरीक्षण करते हुए प्रगति जानीं। उन्होंने नो-मैप व एएसडी मतदाताओं का गहन भौतिक सत्यापन कराते हुए सभी प्रकरणों में विधिक प्रक्रिया, नोटिसऽसुनवाई व समय-सीमा पालन करने के निर्देश दिए।

मंडलायुक्त अजीत कुमार ने अतर्रा तहसील संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। कस्बा स्थित हिंदू इंटर कॉलेज में छह बूथ संचालित मिले। यहां कुल 3804 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें से 342 मतदाता नो-मैप श्रेणी तथा 1456 मतदाता एएसडी चिन्हित पाए गए। निरीक्षण के समय सभी बीएलओ उपस्थित मिले। अतर्रा डिग्री कॉलेज में पांच बूथों पर 2898 मतदाता दर्ज हैं। यहां 637 मतदाता नो-मैप तथा 1731 मतदाता एएसडी श्रेणी मिले। प्राथमिक विद्यालय, अनथुवा के बूथों में 2116 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें से 132 मतदाता नो-मैप तथा 174 मतदाता एएसडी के रूप में चिन्हित हैं। इसके बाद आयुक्त ने बांदा सदर विधान सभा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अलीगंज के बूथों में कुल 1539 मतदाता, 69 नो-मैप तथा 678 एएसडी मतदाता चिन्हित हैं। खानकाह इंटर कॉलेज के पांच बूथ संचालित मिले। 3858 मतदाता पंजीकृत मिले। 302 नो-मैप तथा 6358 एएसडी मतदाता चिन्हित मिले। आयुक्त ने उप जिलाधिकारी को नो-मैप व एएसडी मतदाताओं का भौतिक सत्यापन कराते हुए सभी प्रकरणों को समय-सीमा में पूरा कराने के निर्देश दिए।

# भगवान श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग पर जमकर झूमी महिलाएं, गाए सोहर गीत



- नपा चेयरमैन ने स्मृति चिन्ह देकर कथा व्यास का किया अभिनंदन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। शहर के स्वराज कॉलोनी स्थित कमिश्नरी अधिवक्ता संजय मिश्रा के आवास में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन कथावाचक ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। श्रीमद्भागवत पुराण के दसवें स्कंध के तीसरे अध्याय में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा का विस्तार से वर्णन किया।

कथाव्यास ने भगवान श्रीकृष्ण का जन्म, वासुदेव-देवकी के कारागार से बाहर निकलना और योगमाया के जन्म जैसी घटनाओं का विस्तृत वर्णन किया। श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए कथाव्यास ने बताया कि कंस के कारागार में वासुदेव-देवकी के भादों मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। उनका लालन-पालन नंदबाबा के घर में हुआ था, इसलिए नंदगांव में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया। कृष्ण जन्म की खुशी में कथा स्थल को विशेष रूप से सजाकर माखन मिश्री का प्रसाद वितरण किया गया, भक्तों ने भक्तिरस में मग्न होकर नृत्य कर नंदोत्सव मनाया। नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की धुन पर बच्चों के साथ महिलाएं भी नाच उठी। मंच पर पुष्प वर्षा व श्रद्धालु श्रोताओं की तरफ चॉकलेट, टॉफी की वर्षा की गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू ने कथा व्यास का फूल माला एवं स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया। भागवत कथा में अजय मिश्रा, रामस्वरूप त्रिपाठी, प्रमोद त्रिपाठी, सभासद राकेश गुप्ता दद्दू, अभिषेक द्विवेदी, शिक्षिका सुनीता तिवारी, अनीता मिश्रा आदि श्रद्धालुजन मौजूद रहे।

### आरटीआई कानून की उड़ रही धज्जियां, नहीं मिलती सूचनाएं

बांदा। सूचना का अधिकार अधिनियम (आरटीआई) अब लोगों को सूचना नहीं दिला पा रहा है। आए दिन किसी न किसी विभाग से सूचना नहीं मिलने की शिकायतें आला अफसरों के पास पहुंच रही हैं, लेकिन कार्रवाई तब भी नहीं होती। ऐसे ही एक मामले में पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने चार माह से अधिक समय बीतने पर भी छात्र संघ पूर्व अध्यक्ष व सपा नेता द्वारा मांगी सूचनाओं का अभी तक कोई भी जबाब नहीं दिया। छात्र संघ पूर्व अध्यक्ष व सपा नेता सुशील त्रिवेदी ने बताया कि लगभग छह माह पहले उन्होंने पीडब्ल्यूडी से मरौली संपर्क मार्ग निर्माण संबंधी सूचनाएं मांगी। काफी समय बाद विभाग ने कोई जानकारी नहीं दी। चित्रकूटधाम मंडल संयुक्त विकास आयुक्त ने पीडब्ल्यूडी मुख्य अभियंता को पत्र जारी कर आवेदक को सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सूचनाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। लेकिन लगभग 4 माह से अधिक समय बीतने के बावजूद आज तक विभागीय अधिकारियों ने सूचनाएं नहीं दीं।

# रोटी बैंक सोसाइटी ने जरूरतमंदों को दी कंबलों की सौगात

- स्वयंसेवियों ने गर्म कपड़ों के साथ बांटे जूते, चप्पल
- गुरेह गांव में आयोजित हुआ सहायता शिविर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। हमेशा जनता के बीच रहकर लोकप्रियता का मुकाम हासिल करने वाले सदर विधायक ठंड से ठिठुर रहे गरीबों का सहारा देने का कोई मौका नहीं छोड़ते। जहां अपने आवास में जनसुनवाई का क्रम अनवरत जारी रखकर लोगों की समस्याओं का समाधान करते हैं, वहीं गरीबों की मदद से भी पीछे नहीं हटते। रविवार की सुबह सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने खुरहंड स्थित जनता इंटर कालेज में पहुंचकर सैकड़ों की संख्या में एकत्र गरीब, निराश्रित, असहाय और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए और उन्हें ठंड से बचाने का प्रयास किया।

रविवार को खुरहंड कस्बा स्थित जनता इंटर कालेज में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में सदर विधायक ने गरीबों की मदद के लिए समाज के सक्षम लोगों का आह्वान किया। कहा कि हमें समाजिक उत्तरदायित्व की भावना के साथ मानवता के सर्वोत्तम आदर्श स्थापित करने होंगे।

तभी समाज में समानता लाने का संकल्प पूरा हो सकता है। उन्होंने गरीबों के बीच कंबल बांटते हुए उनके दुख दर्द भी जाने और उनके निराकरण का भरोसा दिलाया। वहीं रोटी बैंक ने सदर तहसील क्षेत्र के ग्योंड़ी बाबा गांव में सहायता शिविर आयोजित किया। समाजसेवी व सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता सैय्यद मोहम्मद अकरम द्वारा उपलब्ध कराए गए 10 कंबलों के साथ जागरूक लोगों द्वारा दान में दिए गर्म कपड़े जरूरतमंद ग्रामीणों को वितरित किए।

कड़ाके की ठंड में कंबल और गर्म कपड़े पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खुशी से खिल उठे। ग्रामीणों को ठंड से बचाव के उपाय बताते हुए स्वच्छता और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। इस मौके पर सोसाइटी राष्ट्रीय अध्यक्ष रिजवान अली समेत मोहम्मद शमीम, जगदीश श्रीवास, मोहम्मद अज़हर व अन्य पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

### गरीबों, असहायों को वितरित किए कंबल

आमजन को शीतलहर से बचाव को समाजसेवी रोहित सिंह ने रविवार को सदर तहसील क्षेत्र के गुरेह गांव में 300 गरीब, असहाय तथा निराश्रित महिलाओं व पुरुषों को को कंबल ओढ़ाकर कड़ाके की ठंड में सहारा दिया। कंबल पाकर गरीब, असहाय तथा निराश्रित महिलाओं व पुरुषों ने राहत महसूस की। कहा कि शीत लहर में कोई भी असहाय व्यक्ति ठंड से प्रभावित न हो, यही इस अभियान का उद्देश्य है। हरेक गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा ही उनका सच्चा धर्म है। समाजसेवी के मानवीय कार्य की लोगों ने सराहना की। इस मौके पर अशोक सिंह, दीपक यादव, राहुल सिंह, बिंदू वर्मा, दिनेश सिंह दीनू, सुमित वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे है।

# प्रदेश के राज्य मंत्री ने विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




कौशाम्बी। प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात श्री दिनेश प्रताप सिंह ने आज मां शीतला अतिथि गृह सयांरा में विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

बैठक के दौरान राज्यमंत्री ने पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित की जाए। एकीकृत बागवानी मिशन की समीक्षा के दौरान उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी से कहा कि जनपद की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शासन को प्रस्ताव भेजकर लक्ष्य बढ़वाया जाए तथा किसानों को जागरूक कर अधिक से अधिक लाभान्वित किया जाय। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की समीक्षा में लक्ष्य 1190 हेक्टेयर के सापेक्ष 800 हेक्टेयर की प्रगति पाए जाने पर राज्यमंत्री ने किसानों को जागरूक कर योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जनपद कौशाम्बी की भूमि अत्यंत उपजाऊ है इसका अधिकतम लाभ किसानों को मिलना चाहिए।

राज्यमंत्री ने जनपद में अधिक से अधिक खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना के लिए आमजन को जागरूक व प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये। उन्होंने व्यापारियों के साथ बैठक आयोजित करने तथा खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों हेतु एक औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने पर बल दिया। साथ ही किसानों को कोल्ड रूम का भ्रमण कराने एवं जनपद में कोल्ड रूम व कोल्ड स्टोरेज की स्थापना के लिए लोगों को प्रेरित करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने जनपद में मशरूम, शिमला मिर्च एवं स्ट्रॉबेरी की खेती को बढ़ावा देने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि इन फसलों के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं जिनमें अधिक सब्सिडी का प्रावधान है। राज्यमंत्री ने सरस हाट का सर्वे कराकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान कुछ कार्य लंबित पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। पर्यटन विभाग की बौद्ध थीम पार्क, गेट कॉम्प्लेक्स तथा पुलिस लाइन में ट्रांजिट हॉस्टल के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश प्रोजेक्ट मैनेजर को दिये गये। बैठक में अनुपस्थित पाए जाने पर अधिशासी अभियंता, सिंचाई से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश भी दिये गये। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद की गौशालाओं में वर्मी कम्पोस्ट निर्माण की कार्यवाही की जा रही है तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को इसका प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस पर राज्यमंत्री ने आमजन को जागरूक करने के निर्देश दीये।

इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत कल्पना सोनकर, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा, पूर्व सांसद विनोद कुमार सोनकर, पूर्व विधायक लाल बहादुर, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मंझनपुर वीरेन्द्र फौजी, भरवारी कविता पासी, जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बोलेरो ने टक्कर मारकर 100 मीटर महिला को घसीटा, मौत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अतर्रा। अस्थियां विर्सजन करने जा रही तेज रफ्तार बोलेरो ने सहकर्मियों के साथ हास्टल जा रही महिला को टक्कर मारकर 100 मीटर तक घसीट ले गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि हादसे में एक महिला सहकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे में बाद चालक बोलेरो छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना से उत्तेजित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग लेकर झांसी-मिर्ज़ापुर नेशनल हाइवे पर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने समझा बुझाकर जाम खत्म कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर (भवानी गंज) निवासी राजकुमारी (50) पत्नी कल्लू नामदेव कस्बा स्थित एक विद्यालय के हास्टल में आया का काम करती थी। रविवार की सुबह हास्टल में ही काम करने वाली सहकर्मी सोना व सुशीला के साथ पैदल हास्टल जा रही थी। तभी विद्यालय के पास झांसी से अस्थियां लेकर प्रयागराज जा रही तेज रफ्तार बोलेरो ने तीनों को टक्कर मार दी। राजकुमारी बोलेरो के अगले हिस्से में फंस गई। चालक उसे 100 मीटर तक घसीटते ले गया। उसकी मौके पर मौत हो गई। जबकि सहकर्मी सोना और सुशीला भी घायल हो गईं। हादसे के बाद चालक बोलेरो मौके पर छोड़कर फरार हो गया। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजनों के साथ ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। मुआवजे की मांग लेकर ग्रामीणों ने झांसी-मिर्ज़ापुर नेशनल हाइवे पर जाम लगा दिया। देर तक चले जाम से मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम खत्म कराया। पुलिस बोलेरो को कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश में जुट गई।

## संक्षिप्त समाचार

### देश के दूसरे प्रधानमंत्री को बताया ईमानदारी की प्रतिमूर्ति

बांदा। देश के दूसरे प्रधानमंत्री रहे भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री को कांग्रेसियों ने पुण्यतिथि पर याद करते हुए श्रद्धां जलि देकर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा की। कहा कि उनके कार्यों में स्वाभिमान, ईमानदारी, मितव्ययता, कर्मठता के कड़े मानदंड थे। जिनका पालन उन्होंने जीवन भर किया। स्टेशन रोड अवस्थी धर्मशाला स्थित पार्टी कार्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में जिला व शहर कांग्रेसजनों ने भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री को पुण्य तिथि पर याद करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान शहर अध्यक्ष अफसाना शाह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री सादा जीवन व उच्च विचार की प्रतिमूर्ति थे। उनके कार्यों में स्वाभिमान, ईमानदारी, मितव्ययता, कर्मठता के कड़े मानदंड थे। जिनका पालन उन्होंने जीवन भर किया। उन्होंने राजनीति के माध्यम से सदैव लोक कल्याण के कार्य किए थे। आज के राजनीतिज्ञों को उनकी शिक्षाओं का अनुसरण करना चाहिए। शहर अध्यक्ष ने मनरेगा का नाम बदले जाने पर मोदी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा दूषित मानसिकता की राजनीति कर रही है। योजना से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने से लोगों की भावनाएं आहत हुईं हैं।

### 5399 युवाओं को मिशन रोजगार के तहत मिली नौकरी

बांदा। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय की अगुवाई में पिछले एक वर्ष में आयोजित कराए गए 52 रोजगार मेलों में 5399 युवाओं को 30 अलग-अलग कंपनियों में रोजी-रोटी मिली है। युवाओं को रोजगार मुहैया कराने को विभाग लगातार रोजगार मेलों का आयोजन करवा रहा है। जिले में पिछले एक साल में 30 अलग-अलग कंपनियों में 5399 युवाओं को नौकरी मिली है। और यह रोजगार मेला ऑनलाइन आयोजित हुआ। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के सहायक निदेशक वकील अहमद अंसारी ने बताया कि रोजगार मेला में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी को अपना रजिस्ट्रेशन करना होता है। फिर अलग-अलग प्राइवेट कंपनियां अपनी जरूरत के अनुसार डिमांड डालते हैं। उसके बाद सेवायोजन विभाग शिक्षा व रुचि के अनुरूप पंजीकृत अभ्यर्थियों को रोजगार मेले में प्रतिभा करने के लिए बुलाते हैं। साक्षात्कार कराकर उन्हें नौकरी दिलाई जाती है। रोजगार लगने की जानकारी 500 से 1000 बेरोजगारों को फोन कर जानकारी दी जाती है। मेला के दौरान पात्र बेरोजगार प्रतिभाग करते हैं। जिले से हजारों बेरोजगारों को नौकरी पाने का अवसर मिला है। उनका प्रयास है कि बुंदेलखंड के युवाओं को अच्छी नौकरी दिलाई जा सके।

### बदइंतजामी के चलते गौशाला में दम तोड़ रहे गोवंश

नरैनी। महुआ ब्लाक क्षेत्र के काजीपुर गांव में संचालित गौशाला में बदइंतजामी के चलते गौ वंशों का बुरा हाल है। गौशाला में व्यवस्थाएं नदारद हैं। कड़ाके की ठंड में आए दिन गोवंश दम तोड़ रहे हैं। गौशाला संचालक गोवंशो को खाने के नाम पर मात्र पुआल दे रहे हैं। बीमार गोवंशों के इलाज करान की भी कोई सुध नहीं लेता। गोवंश को सुरक्षित रखने के लिए सरकार लाखों रुपये खर्च कर रही है। लेकिन गौशालाओं में गोवंश इस प्रकार कड़ाके की ठंड में पुआल खाकर दम तोड़ रहे हैं। ग्राम प्रधान पति बाबू अवस्थी ने बताया कि इस समय कुल 150 गौवंश गौशाला में है। उनके खाने के अलावा रखरखाव सहित ठंड से बचाव के पर्याप्त इंतजाम है। बताया कि अगर गौशाला में गौवंश मर रहे है तो उनको मरने से नहीं रोका जा सकता।

### ठंड लगने से युवक की मौत

बांदा। तिंदवारी थाना क्षेत्र के हनुमान नगर निवासी पप्पू उर्फ शिवनरेश (48) पुत्र चुनकू शनिवार को जसईपुर भंडारा खाने गया था। शाम को वह घर लौटा तो वह कांपने लगा। परिजनों ने आग जलाकर उसका बदन सेका। हालत में सुधार न होने पर घरवालो ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के दुकान मालिक बलराम ने बताया कि शिवनरेश सिलाई का काम करता था।

# आयुष्मान योजना से मिला स्वास्थ्य भी संतुष्टि भी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बाँदा। भारत सरकार द्वारा संचालित आयुष्मान स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ लाखों करोडो मरीजों को मिल रहा है, भले ही बहुत सी संस्थानों से आय दिन लापरवाही की खबरें भी मिलती रहती है। लेकिन बाँदा के तिंदवारा गांव स्थित बाँदा पैरामेडिकल एन्ड नर्सिंग कालेज परिसर में संचालित, एन बी सी, हॉस्पिटल में आयुष्मान स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत मरीजो को उपचार तो मिल ही रहा है, साथ ही मरीजों में संतुष्टि के भाव भी देखने को मिल रहे हैं, जिससे साबित होता है कि हॉस्पिटल में मरीजों को सही सेवा मिल रही है। जानकारी के मुताबिक एन बी सी, हॉस्पिटल को अभी पिछले हफ्ते ही आयुष्मान योजना के अंतर्गत आर्थो का काम मिला है, और तीन दिन में ही हॉस्पिटल के सीनियर आर्थो सर्जन डाक्टर टी आर सरसैया ने तीन ऑपरेशन करके मरीजों को उपचार के साथ साथ संतुष्ट भी कर दिया, क्योंकि ये मरीज आयुष्मान कार्ड लिए कई संस्थानों से असंतुष्ट हो कर आये थे । डाक्टर टी आर सरसैया ने बताया कि कृष्णा पत्नी बाबूलाल निवासी पारा बिसंडा की जांघ की हड्डी टूट गई थी ऑपरेशन करके रॉड डाल दी गई है अब कृष्णा ठीक है कृष्णा के पुत्र आलोक ने बताया कि उसकी माँ कृष्णा घर मे काम करते हुए गिर गई थी और जांघ की हड्डी टूट गई थी उसके पास आयुष्मान कार्ड था, तिंदवारा स्थित एन बी सी हॉस्पिटल में भर्ती के दूसरे दिन ही उसकी माँ का ऑपरेशन हो गया । इसी तरह अतर्रा के निवासी बुध्विलास पुत्र रामसनेही की मोटर साइकिल से टक्कर होने की वजह से हाथ की हड्डी टूट गई थी, उसका भी ऑपरेशन हो गया, विपिन नाम के मरीज की जांघ और पिंडली दो जगह से हड्डी टूटी थी उसका भी आयुष्मान योजना के अंतर्गत आपरेशन हो गया।

### युवक की मौत के मामले में जांच तेज, आरोपियों से पूछताछ शुरू

जसपुरा/बांदा। जसपुरा थाना क्षेत्र में युवक द्वारा जहरीला पदार्थ खाने से हुई मौत के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में दर्ज मुकदमे के बाद पुलिस ने नामजद आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है। मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार ग्राम झंझरीपुरवा निवासी आशीष कुमार की मौत के मामले में उसके पिता रामप्रताप की तहरीर पर पत्नी हेमा देवी, साले संदीप, भतीजे प्रिंस और रिश्तेदार विजयलक्ष्मी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप है कि 24 नवंबर 2025 को आशीष के साथ उसके ससुराल पक्ष ने मारपीट कर उसे मानसिक व सामाजिक रूप से अपमानित किया, जिससे आहत होकर उसने जहर खा लिया। घटना के बाद आशीष को पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जसपुरा, फिर जिला अस्पताल और बाद में मेडिकल कॉलेज बांदा में भर्ती कराया गया था।

# बीएलओ द्वारा मतदेय स्थलों पर निर्वाचक नामावलियों का किया गया वाचन



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आज जनपद के तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों 251 सिराथू, 252 मंझनपुर एवं 253 चायल के समस्त मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारियों (बी.एल.ओ.) द्वारा ग्राम सभाओं/शहरी स्थानीय निकायों की वार्ड समितियों के सदस्यों एवं नागरिकों के साथ बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में आलेख्य रूप से प्रकाशित निर्वाचक नामावलियों को पढ़कर उपस्थित सदस्यों को सुनाया गया। बैठकों के दौरान यह अपील की गई कि 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी अर्ह नागरिकों के नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित कराने हेतु फार्म-6 भरवाने में सहयोग करें। इसके अंतर्गत आज जनपद में विधानसभा क्षेत्र 251 सिराथू में 512, 252 मंझनपुर में 538 तथा 253 चायल में 492 फार्म-6 प्राप्त किए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ-साथ संबंधित क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा मतदेय स्थलों पर बी.एल.ओ. द्वारा आयोजित बैठकों का निरीक्षण भी किया गया।

# जिले की आठों विधानसभा में बीएलओ ने पढ़ी आलेख्य निर्वाचक नामावली

- राजनीतिक दलों और मतदाताओं ने रखी निगरानी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जनपद लखीमपुर खीरी की सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्येक बूथ पर आलेख्य निर्वाचक नामावली को बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) द्वारा पढ़कर सुनाया गया। इस प्रक्रिया के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि तथा आम मतदाता उपस्थित रहे और प्रत्येक नाम पर कड़ी निगरानी रखी गई। जनपद की विधानसभा क्षेत्र 137-पलिया, 138-निघासन, 139-गोला, 140-श्रीनगर, 141-धौरहरा, 142-लखीमपुर, 143-कस्ता एवं 144-मोहम्मदी के सभी बूथों पर यह प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की गई। बीएलओ द्वारा बूथवार मतदाता सूची का विवरण पढ़ा गया, जिससे किसी भी प्रकार की त्रुटि या अभाव की संभावना को न्यूनतम किया जा सके। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और मतदाताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई तथा आवश्यक होने पर सुधार हेतु सुझाव भी दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि यह प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी विधानसभा क्षेत्रों में समान रूप से लागू की गई है। उन्होंने कहा कि इससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूती मिलेगी और मतदाता अधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित होगा। लखीमपुर खीरी पहुंचे एडी बेसिक, मतदेय स्थलों का किया निरीक्षण विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत रोल ऑब्जर्वर के निर्देशन में एस.के. तिवारी अपर निदेशक (बेसिक शिक्षा) ने जनपद लखीमपुर खीरी पहुंचकर 142-लखीमपुर, 140-श्रीनगर एवं 143-कस्ता विधानसभा क्षेत्रों के मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीएलओ को आलेख प्रकाशित नामावली पढ़ते हुए पाया गया। इस अवसर पर संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची की शुद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आगे भी ऐसी प्रक्रियाएं नियमित रूप से जारी रहेंगी।

थाना हैदराबाद पुलिस ने 6 वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

अज़ान खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के निर्देशन में थाना हैदराबाद पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए विभिन्न मामलों में वांछित 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इन सभी अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी थे, जिनकी तलाश पुलिस को लंबे समय से थी। गिरफ्तार अभियुक्तों में सुबोध कुमार पुत्र धर्मेश निवासी ग्राम कोरैया एजेन्ट, जसपाल पुत्र रामसेवक निवासी ग्राम गजियापुर, छत्रपाल पुत्र नरपत निवासी ग्राम कैमहरा, मनोहरलाल पुत्र नरपत निवासी ग्राम कैमहरा, किशन पुत्र भारत प्रसाद निवासी ग्राम छिछौना तथा राजीव कुमार पुत्र चन्द्रभाल निवासी ग्राम सुहेला, सभी थाना हैदराबाद, जनपद खीरी के निवासी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई थानाध्यक्ष सुनील मलिक के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई, जिसमें उपनिरीक्षक अशोक कुमार सिंह, कांस्टेबल धर्मेन्द्र कुमार एवं संजीव कुमार शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार सभी अभियुक्तों को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय में पेश किया जाएगा। इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ-साथ अपराधियों में भी भय का माहौल

# 26 वर्षों से जल रही अखण्ड आस्था की ज्योति

- अखण्ड ज्योति के 26वें जन्मोत्सव पर झूमे भक्त, लगे जयकारे

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। कहा जाता है कि जो दीपक वर्षों तक अखण्ड रूप से प्रज्वलित रहता है, वह स्वयं सिद्ध हो जाता है और उसके दर्शन मात्र से ही श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। जनपद लखीमपुर-खीरी के प्राचीन तीर्थ स्थल देवकली आश्रम में स्थित ऐसा ही एक सिद्ध अखण्ड दीपक पिछले 26 वर्षों से निरंतर गाय के घी से प्रज्वलित है।

मान्यता है कि इस अखण्ड ज्योति के समक्ष एक मिनट ध्यानपूर्वक खड़े होकर की गई प्रार्थना अवश्य फलित होती है और जन्म-जन्मांतरों के पापों का नाश होता है।

अखण्ड ज्योति के समीप भवानी प्रसाद उपाध्याय (नेपाली बाबा) की मनमोहक प्रतिमा भी स्थापित है। आश्रम में ब्रह्म मुहूर्त, दोपहर एवं संध्या–तीनों समय नियमित रूप से जप, ध्यान और साधना सम्पन्न होती है। सर्व मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाली इस अखण्ड ज्योति के दर्शन के लिए प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु दूर-दूर से पहुंचते हैं और दिव्यता का अनुभव करते हैं।

इसी क्रम में 11 जनवरी 2026 को अखण्ड ज्योति का 26वां जन्मोत्सव आश्रम में बड़े ही हर्षोल्लास व श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम महन्त प्रमोद जी महाराज के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर गुरुकुल के वटुक ब्रह्मचारी, आश्रमवासी तथा आचार्य सुधीर मिश्रा, सत्यम मिश्रा, अनिल शुक्ला, प्रमोद अवस्थी एवं रमित मिश्रा सहित अनेक विद्वान आचार्यों के सान्निध्य में पूजन-अर्चन, हवन एवं धार्मिक अनुष्ठान किए गए। जन्मोत्सव समारोह में अतुल गुप्ता, उमाशंकर महेन्द्र, अशोक अवस्थी, त्रिभुवन लाल दीक्षित, श्रीमती सुमन वर्मा, रानी चौधरी, सुशील कुमार शुक्ला, इन्दु मोहन मिश्रा, राम प्रकाश गुप्ता, राजेन्द्र वर्मा, राम जी पुरी, सुरेशचन्द्र गुप्ता, रजत श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने विधिवत पूजन-अर्चन व हवन कर प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आश्रम परिसर में भक्ति, श्रद्धा और जयकारों की गूंज के बीच अखण्ड ज्योति के 26वें जन्मोत्सव का आयोजन सम्पन्न हुआ, जिससे वातावरण पूर्णतः आध्यात्मिक और भक्तिमय हो उठा।

# अज़ान कस्बे में ई–रिक्शा चालकों पर पुलिस की कार्रवाई



- 4 हजार का जुर्माना, वाहन सीज की चेतावनी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अज़ान खीरी। ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से थाना हैदराबाद की अज़ान चौकी पुलिस द्वारा अज़ान कस्बे में सघन अभियान चलाया गया। इस दौरान मेन रोड पर सड़क पर लाइन से कतार लगाकर एक साथ कई ई-रिक्शा खड़े कर सवारी भरने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करते पाए गए दो ई-रिक्शा का चालान किया गया, जिन पर कुल 4 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। कार्रवाई से कस्बे के ई-रिक्शा चालकों में हड़कंप मच गया।

पुलिस ने ई-रिक्शा चालकों को सख्त हिदायत दी कि सड़क पर लाइन से ई-रिक्शा खड़ा कर सवारी न भरें और नाबालिगों को किसी भी हालत में वाहन न चलाने दें। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि जिसका नंबर हो, वही एक ई-रिक्शा सड़क किनारे खड़ा कर सवारी भरे। यदि एक साथ कई ई-रिक्शा सड़क पर खड़े पाए गए तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। अज़ान चौकी प्रभारी अशोक सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन न करने वाले ई-रिक्शा चालकों के वाहन सीज किए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। इस दौरान अज़ान चौकी प्रभारी अशोक सिंह के साथ कांस्टेबल सजीव कुमार भी मौके पर मौजूद रहे। पुलिस की इस कार्रवाई को स्थानीय लोगों ने सराहा और कहा कि इससे कस्बे में यातायात व्यवस्था सुचारु होगी।

## एसआईआर अभियान के तहत ड्राफ्ट मतदाता सूची का वाचन, फॉर्म–6 भरवाने का मिशन मोड अभियान



गोला गोकर्णनाथ खीरी। चुनाव से संबंधित एसआईआर अभियान के अंतर्गत मतदाता शुद्धिकरण प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत तहसील चुनाव अधिकारी/उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में आंगनबाड़ी केंद्र बिसोरिया में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ड्राफ्ट मतदाता सूची को सार्वजनिक रूप से पढ़कर सुनाया गया, जिससे मतदाता अपना नाम, पता व अन्य विवरण की जांच कर सकें। साथ ही मिशन मोड में नए मतदाताओं एवं संशोधन हेतु फॉर्म-6 भी भरवाए गए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक संख्या में फॉर्म-6 भरने की अपील की गई, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सके।

# खलिहान की बेशकीमती जमीन पर बने दर्जनों निर्माणाधीन मकान

- अवैध कब्जा हटाने में नाकाम प्रशासन, जिम्मेदारों पर संरक्षण देने के आरोप

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। जहां एक ओर शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटाने के लिए अभियान चला रहा है, वहीं दूसरी ओर कब्जा हटवाने की जिम्मेदारी संभाल रहे कुछ राजस्वकर्मी व स्थानीय जिम्मेदारों पर ही सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा कराने के गंभीर आरोप लग रहे हैं। ताजा मामला जनपद खीरी की ग्राम पंचायत लौकिहा का है, जहां खलिहान की बेशकीमती भूमि पर दर्जनों निर्माणाधीन मकान खड़े हो गए हैं, लेकिन शिकायतों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है। स्थानीय शिकायतकर्ता सत्येन्द्र प्रकाश तिवारी पुत्र स्व. सुरेश चन्द्र तिवारी, निवासी ग्राम व पोस्ट लौकिहा, तहसील सदर लखीमपुर ने जिलाधिकारी सहित आयुक्त एवं अध्यक्ष राजस्व परिषद को शिकायत पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि गांव की गाटा संख्या 220, रकबा 0.267 हेक्टेयर, जो राजस्व अभिलेखों में खलिहान के नाम दर्ज है, उस पर ग्राम प्रधान व स्थानीय लेखपाल अजय कुमार द्वारा गैरकानूनी तरीके से कुछ लोगों को कब्जा कराया गया है। आरोप है कि कुछ लोग पहले से अवैध कब्जे में हैं, जबकि अन्य को कब्जा दिलाने का आश्वासन दिया जा रहा है। शिकायत में बताया गया है कि उक्त सरकारी भूमि पर लोगों ने मकान, टीन शेड और छप्पर आदि बना लिए हैं।

प्रार्थी द्वारा पूर्व में भी इसकी शिकायत की गई थी, जिस पर आंशिक कार्रवाई के आदेश हुए थे, लेकिन आरोप है कि बाद में लेखपाल ने कब्जेदारों से मोटी रकम लेकर उन्हें छोड़ दिया। एक कब्जेदार के खिलाफ राजस्व संहिता के तहत कार्रवाई भी हुई थी, किंतु कथित समझौते के बाद उसे भी अब तक बेदखल नहीं किया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि ग्राम प्रधान व लेखपाल द्वारा ग्राम पंचायत की भूमि व अन्य सरकारी संपत्तियों की खुलेआम बिक्री की जा रही है। विरोध या शिकायत करने पर उल्टे शिकायतकर्ता को धमकाया जाता है, जिससे इनके हौसले बुलंद बताए जा रहे हैं। मामले में घरौनी से जुड़ी अनियमितताओं का भी उल्लेख किया गया है। प्रार्थी के अनुसार उसके भाई अमित कुमार की मृत्यु 28 अप्रैल 2024 को हो गई थी, जिसके बाद उसकी पत्नी अंकिता के नाम घरौनी बननी थी, लेकिन ग्राम प्रधान व लेखपाल द्वारा अब तक घरौनी नहीं बनाई गई।

स्वयं प्रार्थी को भी घरौनी नहीं दी गई है। मांग करने पर टालमटोल किया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए दोषी लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने, खलिहान व अन्य सरकारी संपत्तियों को अतिक्रमण मुक्त कराने तथा जिन ग्रामीणों की घरौनी लंबित है, उन्हें शीघ्र घरौनी प्रपत्र उपलब्ध कराने की मांग की है।

# सुरक्षित खेल मैदान के अभाव में निखरने से पहले गांवों में दम तोड़ती प्रतिभाएं

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। ग्रामीण अंचलों में छिपी खेल प्रतिभाएं आज संसाधनों के अभाव में आगे बढ़ने से पहले ही थकती और टूटती नजर आ रही हैं। गांवों में सुरक्षित खेल मैदानों की कमी के चलते बच्चे और युवा सूखे तालाबों, खाली पड़े खेतों, कच्ची पगडंडियों तथा गली-मोहल्लों में आउटडोर खेल खेलने को मजबूर हैं। ऐसे असुरक्षित और असुविधाजनक स्थानों पर खेलना न केवल प्रतिभा के विकास में बाधा बन रहा है, बल्कि कई बार विवाद और दुर्घटनाओं का कारण भी बन जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। बावजूद इसके, मैदान न होने के कारण क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो जैसे खेल सीमित जगहों पर खेले जाते हैं, जहां गेंद लगने से फसल को नुकसान, राहगीरों से टकराव या आपसी कहासुनी से झगड़े की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। कई बार बच्चों को खेलने से रोक दिया जाता है, जिससे उनमें निराशा और हताशा घर कर जाती है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि गांवों में समय रहते खेल सुविधाएं और सुरक्षित मैदान उपलब्ध कराए जाएं, तो यहीं से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी उभर सकते हैं। लेकिन वर्तमान हालात में प्रतिभाशाली बच्चे अभ्यास के अभाव या पारिवारिक दबाव के चलते खेल छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं। स्कूलों में भी खेल मैदानों और नियमित खेल गतिविधियों की कमी साफ झलकती है। सरकार द्वारा खेलो इंडिया जैसी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर गांवों तक इनका प्रभाव सीमित दिखाई देता है। ग्राम पंचायतों की खाली भूमि या अन्य सरकारी जमीनों पर छोटे-छोटे खेल मैदान विकसित किए जा सकते हैं।

## ज्वाला कप: पहले सेमीफाइनल में प्रयागराज में नोएडा को 16 रनों से हराया

बबेरू/बांदा। बबेरू कस्बे के जेपी शर्मा इंटर कालेज ग्राउंड में ज्वाला प्रसाद शर्मा मेमोरियल 16 वा लेदर बाल क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन में पहला सेमीफाइनल मैच रविवार को खेला गया। जिसमें पहला सेमीफाइनल मैच में प्रयागराज व नोएडा टीम के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिला, लास्ट में प्रयागराज ने नोएडा को 16 रनों से पराजित किया है। जिसमें प्रयागराज ने नोएडा को 16 रनों से पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। बता दें कि आज रविवार को ज्वाला कप क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल मैच में प्रयागराज बनाम नोएडा के बीच खेला गया। जिसमें प्रयागराज की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। जिसमें निर्धारित 20 ओवर के मैच में 9 विकेट खोकर 163 रन बनाए, जिसमें निखिल राव 31 रन, हर्षित तिवारी 70 रन बनाए, वहीं नोएडा टीम के गेंदबाज शिवम तीन विकेट विक्रम निशांत अखिलेश एक-एक विकेट हासिल किया है।

# गोला में स्वामी विवेकानंद जी की 163वीं जयंती आज हर्षोल्लास से मनाई जाएगी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। खुटार रोड स्थित फूल वाला आश्रम के निकट स्वामी विवेकानंद बाल उद्यान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वामी विवेकानंद जी की 163वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाई जाएगी। यह भव्य आयोजन दिनांक 12 जनवरी 2026, दिन सोमवार को सायं 5 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत स्व. शिव कुमार रावड़ा एवं राजकुमारी रावड़ा स्मृति सम्मान समारोह के साथ-साथ एक विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश के ख्यातिप्राप्त साहित्यकार एवं कवि भाग लेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. गंगा प्रसाद शर्मा 'गुणशेखर', अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय भाषा संस्थान, सूरत (गुजरात) द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अखिलेश निगम आईपीएस, पुलिस महानिरीक्षक, अपराध अनुसंधान विभाग, लखनऊ तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विजय शुक्ल 'रिंकू, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, गोला गोकर्णनाथ उपस्थित रहेंगे। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित किया जाएगा। डॉ. आर.पी. सारस्वत सहारनपुर, प्रसिद्ध बाल साहित्यकार को 'विवेक भारती' की मानक उपाधि, पवन गुप्त 'तूफान' गोला, झांसी को 'विवेक श्री' की मानक उपाधि, श्रीमती नीता निगम लखनऊ को 'भगिनी निवेदिता' सम्मान तथा सचिन शर्मा पत्रकार, को उत्कृष्ट पत्रकारिता सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। कार्यक्रम के निवेदक प्रधानाचार्या एवं स्वामी विवेकानंद बाल उद्यान का समस्त विद्यालय परिवार रहेगा। आयोजन की जानकारी विद्यालय के अध्यापक संजय शर्मा ने देते हुए क्षेत्रवासियों, शिक्षाविदों, साहित्यकारों एवं गणमान्य नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## संक्षिप्त समाचार

### एक अनुरोध पर उजास में बदला अंधेरा, दुर्गेश वर्मा की पहल से मुस्कराया क्षेत्र



लखीमपुर खीरी। देवकली रोड स्थित प्रमिला नगर, जो वर्षों से अंधेरे की समस्या से जूझ रहा था, अब रोशनी की आभा से जगमगा उठा है। पत्रकार सर्वेश शुक्ला के एक व्यक्तिगत अनुरोध पर दुर्गेश वर्मा, जिला पंचायत सदस्य (लखीमपुर पंचम) ने जिस संवेदनशीलता, तत्परता और जिम्मेदारी के साथ क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था कराई, उसने जनसेवा की एक प्रेरक मिसाल पेश की है। लंबे समय से चली आ रही अंधेरे की समस्या के समाधान से न केवल गलियों और सड़कों में उजास फैला है, बल्कि क्षेत्रवासियों के जीवन में सुरक्षा और आत्मविश्वास का भी संचार हुआ है। रोशनी के खंभे जलते ही रात्रिकालीन आवागमन सुगम और सुरक्षित हो गया है, वहीं लोगों के मन से भय और असुरक्षा का अंधकार भी छंट गया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब जनप्रतिनिधि जनभावनाओं को समझते हुए त्वरित और सकारात्मक कदम उठाते हैं, तभी विकास की रोशनी वास्तविक अर्थों में घर-घर तक पहुँचती है।

### पुलिस लाइन में शोक सभा में मृत पुलिसकर्मी को अर्पित की गई भावभीनी श्रद्धांजलि

बांदा। रविवार को पुलिस लाइन बांदा में मृत पुलिसकर्मी को शोक परेड में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक सलामी दी गई । गौरतलब हो कि पुलिस लाइन बांदा में तैनात मुख्य आरक्षी श्यामलाल निवासी जमुनापार थाना महेवाघाट जनपद कौशाम्बी के रहने वाले थे एवं आरक्षी के पद पर उ0प्र0 पुलिस में भर्ती हुए थे तथा जनपद हमीरपुर से जनपद बांदा स्थानांतरण पर आये थे । कल अचानक उनकी तबियत खराब हो गई जिन्हे उपचार हेतु जिला अस्पताल बांदा लाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा उन्हे मृत घोषित कर दिया गया । आज पुलिस लाइन बांदा में पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल, अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी लाइन्स मेविस टॉक, सहायक पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षु श्लोक गौतम व प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन बेलास यादव सहित पुलिस परिवार के साथियों द्वारा रीत व पुष्प चढ़ाकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई ।

### हनुमंत कथा के अक्षत वितरण में उमड़ा जन सैलाब

बांदा। आगामी 16 जनवरी को मवई बाईपास पर बागेश्वर पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की हनुमंत कथा को लेकर पहुंचे बुंदेलखंड यूथ फाउंडेशन के संस्थापक प्रवीण सिंह एवं जयराम सिंह बछेउरा जैसे ही तिंदवारी कस्बे पहुंचे वहा पर नगर पंचायत प्रतिनिधि रमेश चंद साहू, प्रबंधक संजय सिंह पटेल, भाजपा नेता योगेंद्र मिश्रा,संत सरण अवस्थी, आशीष सिंह चंदेल,मंडल अध्यक्ष जसपुरा साहिब सिंह की अगवाई में सैकड़ो कस्बे वासियों ने माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया वहीं प्रवीण सिंह और जयराम सिंह बछेउरा ने घर-घर 16 जनवरी को आयोजित होने वाली हनुमंत कथा में पहुंचने को लेकर अपील की वही पपरेंदा ,पिपरहरी गांव में ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। पैलानी कस्बे पहुंचे बुंदेलखंड युथ फाउंडेशन के संस्थापक प्रवीण सिंह व जयराम सिंह बछेउरा को भाजपा के एसपी सिंह, डॉ पंकज सिंह चौहान ,दीपक सिंह गौर मरझा , भूपत सिंह, डॉ जितेन्द्र सिंह समेत आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया वही जसपुरा कस्बे पहुंचे प्रवीण सिंह को ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया यहां अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष चंद्रभान सिंह एडवोकेट, राजवीर सिंह, प्रबंधक जय नारायण सिंह, जनसेवक धनंजय सिंह, आशुतोष सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजबहादुर सिंह, ग्राम प्रधान चंदवारा अरविंद सिंह, जितेंद्र सिंह सेंगर, चक्रपाणि अवस्थी, भास्कर प्रसाद साहू व बांदा प्रेस ट्रस्ट के महासचिव अंशु गुप्ता , डाक्टर अमरपाल सिंह, अवधेश सिंह, जिला पंचायत सदस्य हिमांशु सिंह, बाबू सिंह ठेकदार आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# नगर पालिका परिषद गोला को मिली नई जेसीबी

## विकास व स्वच्छता कार्यों को मिलेगी गति

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर क्षेत्र में विकास एवं स्वच्छता कार्यों को और अधिक तेज़ी देने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद गोला को नई जेसीबी मशीन प्राप्त हुई है। 15वें वित्त आयोग योजना के अंतर्गत जेसीबी कंपनी का एक बैकहो लोडर खरीदा गया, जिसका विधिवत पूजन नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू द्वारा पं. दिवाकर मिश्रा से मंत्रोच्चारण के साथ कराया गया। इसके उपरांत जेसीबी चालक नवनीत कश्यप को मशीन की चाबी सौंपी गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने बताया कि नई जेसीबी से बड़े नालों की सफाई, कूड़ा निस्तारण केंद्र पर कूड़े का व्यवस्थित प्रबंधन तथा गंदे प्लॉटों की सफाई जैसे कार्य कम समय में प्रभावी ढंग से किए जा सकेंगे। इससे कार्यक्षमता बढ़ेगी और नगर की स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ होगी। भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा ने कहा कि पालिका क्षेत्र में स्वच्छता सर्वोच्च प्राथमिकता है। नई जेसीबी के शामिल होने से सफाईकर्मियों का कार्यभार कम होगा और शहर को अधिक स्वच्छ बनाए रखने में मदद मिलेगी। सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा ने बताया कि वर्तमान में स्कैट कंपनी का बैकहो लोडर, कुबोटा कंपनी का मिनी पोकलेन, स्किड लोडर एवं एक लोडर से सफाई कार्य किया जा रहा था। नई जेसीबी आधुनिक तकनीक से युक्त एवं अधिक पावरफुल है, जिससे कार्य की गति और गुणवत्ता दोनों में सुधार होगा। कार्यक्रम में लेखाकार मोहित अवस्थी, वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, जेई जलकर आदर्श मिश्रा तथा जेई सिविल अनिल कुमार यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# घने कोहरे में दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर पुलिस की पहल, वाहनों पर लगवाई गई रेडियम पट्टियां

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। तहसील गोला क्षेत्र में बीते लगभग एक सप्ताह से पड़ रहे घने कोहरे को देखते हुए दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। इसी को ध्यान में रखते हुए थानाध्यक्ष नीमगांव प्रवीर गौतम के निर्देश पर चौकी सिकंदराबाद पुलिस द्वारा सुरक्षा अभियान चलाया गया। पुलिस चौकी सिकंदराबाद के चौकी इंचार्ज मुकेश सिंह एवं उनकी टीम ने अभियान के तहत दर्जनों वाहनों–जिनमें ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं भारी वाहन शामिल रहे पर रेडियम पट्टियां लगवाईं। इसका उद्देश्य घने कोहरे एवं अंधेरे के दौरान वाहनों की स्पष्ट पहचान सुनिश्चित कर दुर्घटनाओं को रोकना है। इसके साथ ही पुलिस चौकी सिकंदराबाद के सामने लगाए गए बैरिकेडिंग पर भी रेडियम पट्टियां चस्पा की गईं, ताकि राहगीरों एवं वाहन चालकों को दूर से ही बैरिकेडिंग दिखाई दे सके और किसी प्रकार की अनहोनी न हो। पुलिस की इस पहल से क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है और इसे सराहनीय कदम बताया है।

# यूपी वॉरियर्स के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी आरसीबी

एजेंसी

नवी मुंबई। मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने पहले मुकाबले में कड़ी परीक्षा से गुजरने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) सोमवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में सितारों से सजी यूपी वॉरियर्स के खिलाफ अपनी लय जारी रखने की कोशिश करेगी।

स्मृति मंधाना की अगुआई वाली साल 2024 की चैंपियन टीम ने शुक्रवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुश्किल स्थिति से उबरते हुए तीन विकेट की जीत दर्ज की। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका की हरफनमौला खिलाड़ी नादिन डि क्लर्क ने आखिरी चार गेंदों पर दो चौके और दो छक्के लगाकर टीम को जीत दिलाई थी। आरसीबी की जीत ने



मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर को भी स्तब्ध कर दिया था। मंधाना और आरसीबी के लिए वह पल बेहद खास था और टीम डि क्लर्क (नाबाद 63 रन बनाए और चार विकेट) से यूपी वॉरियर्स के खिलाफ भी ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद होगी। पिछले मैच में डि क्लर्क के अलावा अन्य बल्लेबाजों ने निराश किया था ऐसे में मंधाना चाहेंगी कि वह और शीर्ष क्रम की बल्लेबाज रन बनाने में योगदान दें। ग्रेस हैरिस, स्मृति मंधाना, दयालन हेमलता, ऋचा घोष और राधा यादव जैसे खिलाड़ियों को आगे बढ़कर जिम्मेदारी निभानी होगी। वहीं गेंदबाजी विभाग में अरुंधति रेड्डी, श्रेयंका पाटिल और राधा से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। इन सभी ने मुंबई के खिलाफ सबसे ज्यादा रन लुटाए थे। यूपी वॉरियर्स को अपने शुरुआती मैच में निराशा का सामना करना पड़ा, जिसमें सबसे बड़ा झटका ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा का खराब प्रदर्शन रहा। डब्ल्यूपीएल नीलामी में 3.2 करोड़ रुपये की सबसे महंगी भारतीय खिलाड़ी रहीं दीप्ति गुजरात जायंट्स के खिलाफ शनिवार को हुए दिन के मुकाबले में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहीं। यूपी वॉरियर्स 207 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 10 रन से हार गई, जिसमें दीप्ति बिना विकेट लिए रहीं और बल्लेबाज़ी में सिर्फ एक रन ही बना सकीं। टीम की नयी कप्तान मेग लैनिंग चाहेंगी कि उनकी स्टार ऑलराउंडर जल्द ही लय में लौटे। इसके अलावा उन्हें शीर्ष क्रम में किरण नवगिरे और हरलीन देओल से ठोस योगदान की उम्मीद होगी। इस मैच में हालांकि ऑस्ट्रेलिया की युवा खिलाड़ी फोबे लिचफील्ड ने 78 रन की शानदार पारी खेल हार के अंतर को काफी कम किया। उनकी बल्लेबाजी से टीम को कुछ आत्मविश्वास जरूर मिला होगा।

# साइड स्ट्रेन के कारण पंत हुए एकदिवसीय सीरीज से बाहर

एजेंसी

वडोदरा। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत रविवार को अभ्यास के दौरान लगी साइड स्ट्रेन के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज से बाहर हो गए हैं। ध्रुव जुरेल को उनकी जगह टीम में शामिल किया गया है और वह वडोदरा में टीम से जुड़ भी चुके हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने जारी एक बयान में कहा, ऌपंत को शनिवार अभ्यास सत्र के दौरान नेट्स में बल्लेबाजी करते समय दाईं तरफ पसलियों के पास अचानक दर्द महसूस हुआ। उन्हें तुरंत एमआरआई स्कैन के लिए ले जाया गया। इसके बाद बीसीसीआई का चिकित्सा दल ने विशेषज्ञ के साथ उनकी क्लिनिकल और रेडियोलॉजिकल रिपोर्ट पर विस्तार से चर्चा की। पंत को साइड स्ट्रेन की पुष्टि हुई है और उन्हें एकदिवसीय सीरीज से बाहर कर दिया गया है। हालांकि पंत की चोट





भारतीय टीम के संयोजन को अधिक प्रभावित नहीं करती क्योंकि के एल राहुल एकदिवसीय में पहले से ही नियमित विकेटकीपर हैं। हालांकि पंत अच्छे फॉर्म में थे और दिल्ली की कप्तानी करते हुए उन्होंने टीम को विजय हजारे ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल तक पहुंचाया था। उन्होंने इस दौरान छह पारियों में दो अर्धशतक लगाए। वहीं जुरेल भी विजय हजारे ट्रॉफी में शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने पिछली सात पारियों में छह 50 से अधिक के स्कोर बनाए हैं, जिसमें दो शतक शामिल हैं। उनकी इस बल्लेबाजी से उत्तर प्रदेश की टीम भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुकी है। पहले एकदिवसीय के बाद वडोदरा से टीमें राजकोट (14 जनवरी) और इंदौर (18 जनवरी) में खेलेंगी, उसके बाद उनका ध्यान पांच मैचों की टी-20 पर रहेगा, जो नागपुर (21 जनवरी), रायपुर (23 जनवरी), गुवाहाटी (25 जनवरी), विशाखापत्तनम (28 जनवरी) और तिरुवनंतपुरम (31 जनवरी) में खेली जाएगी। यह सीरीज टी-20 विश्व कप की तैयारी के लिए अहम मानी जा रही।

# मेदवेदेव, नाकाशिमा ने ब्रिस्बेन फाइनल में जगह बनाई

एजेंसी

ब्रिस्बेन। दानिल मेदवेदेव ने फ़ाइनल में पहुंचकर यह सुनिश्चित किया कि ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में उन्हें गौरव हासिल करने का एक और मौका मिलेगा। टॉप सीड और 2019 के रनर-अप ने शनिवार को अमेरिकी एलेक्स मिशेलसेन पर 6-4, 6-2 से कड़े सेमीफाइनल में जीत हासिल करके अपने 41वें टूर-लेवल फाइनल में जगह बनाई। हालांकि मेदवेदेव ने 27 अनफोर्स्ड एरर किए, लेकिन उन्होंने दूसरे सेट में सामना किए गए सभी चार ब्रेक पॉइंट्स को कुशलता से बचाया, जिससे उन्होंने सक्रिय खिलाड़ियों में दूसरे सबसे ज़्यादा फाइनल के लिए अलेक्जेंडर ज़्वेरेव के साथ अपनी बराबरी तोड़ी, जो केवल नोवाक जोकोविच (144) से पीछे हैं। एटीपी रैंकिंग में पूर्व नंबर 1 खिलाड़ी मेदवेदेव ने कहा, ''यह बिल्कुल भी आसान नहीं था। स्कोर मैच को पूरी तरह से नहीं दिखाता है।लेकिन मैं खुश हूं कि सबसे महत्वपूर्ण पलों में, मैं एलेक्स से बेहतर प्रदर्शन करने में कामयाब रहा। मैच जीतने के लिए आपको यही करना होता है। 2025 सीजन के अंत में मेदवेदेव का उत्साहजनक प्रदर्शन, जिसमें अल्माटी में 15 महीने के खिताब के सूखे को खत्म करने से पहले बीजिंग और शंघाई में लगातार सेमीफाइनल शामिल थे, ने 2026 की सकारात्मक शुरुआत के लिए आधार तैयार किया है।

वह एक और अमेरिकी ब्रैंडन नाकाशिमा के खिलाफ फाइनल में 2-0 लेक्सस एटीपी हेड2हेड बढ़त के साथ उतरेंगे। इससे पहले, नाकाशिमा ने अपने अच्छे दोस्त अलेक्जेंडर कोवासेविच को 7-6(4), 6-4 से हराकर अपने चौथे एटीपी टूर फाइनल में जगह बनाई, और 2022 में सैन डिएगो में अपने घर पर पहला खिताब जीतने के बाद यह उनका पहला फाइनल है। इस हफ्ते ब्रिस्बेन में अपने चार मैचों में इस अमेरिकी खिलाड़ी ने एक भी सेट नहीं हारा है।

# कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से जल्दी संन्यास लिया, उनमें 2027 विश्व कप तक खेलने की भूख है: डोनाल्ड

एजेंसी

केपटाउन। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज एलन डोनाल्ड ने माना कि विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से थोड़ी जल्दी संन्यास लिया लेकिन भारतीय स्टार बल्लेबाज में इतनी भूख और जुनून है कि वह 2027 के वनडे विश्व कप तक खुद को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बनाए रखेंगे। डोनाल्ड ने आईपीएल के 2014-15 सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का गेंदबाजी कोच रहते हुए कोहली के साथ काम किया है। उन्होंने कोहली की वर्क इथिक्स (फिटनेस और खेन के लिए कड़ा अभ्यास) पर जोर देते हुए कहा, '' आप जानते हैं, मैंने फिटनेस और खेल को लेकर जज्बे के मामले में किसी खिलाड़ी में विराट जीतनी भूख नहीं देखी। मेरे मन में उनके लिए बेहद सम्मान है। मैं अक्सर ड्रेसिंग रूम में इस बारे में बात करता हूं कि वह खुद को फिट रखने के मामले में चैंपियन है। कोई भी उनके जितना मेहनत



नहीं करता। वह किसी मशीन की तरह है।ङ्क उन्होंने कहा, '' मुझे वास्तव में उन्हें टेस्ट मैचों में उनकी कमी महसूस होती है। मुझे लगता है उन्होंने थोड़ा जल्दी संन्यास लिया, लेकिन मुझे कोई संदेह नहीं कि हम उन्हें सीमित ओवर प्रारूप के क्रिकेट और विश्व कप में खेलते हुए देखेंगे।ङ्क डोनाल्ड ने यह भी कहा कि आगामी टी20 विश्व कप के लिए दक्षिण अफ्रीका ने एक संतुलित और मजबूत टीम चुनी है। सात फरवरी से शुरू होने वाले विश्व कप को भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से मेजबानी करेंगे। उन्होंने कहा, '' भारत में यह टूर्नामेंट काफी रोमांचक होने वाला है, है ना? दक्षिण अफ्रीका ने एक बहुत मजबूत टीम चुनी है। हमेशा सवाल उठते रहते हैं कि कौन नहीं गया और कौन जाना चाहिए था। मुझे लगता है कि भारत में दुनिया के सबसे अच्छे टी20 विकेट हैं। किसी भी गेंदबाज के लिए वहां खेलना बेहद कठिन है। मैंने आईपीएल में भी देखा है कि पावर प्ले में 124 रन बनना कितना चुनौतीपूर्ण होता है। यह बल्लेबाजी की कला का ही कमाल है।'' इस पूर्व महान गेंदबाज ने कहा, ''अगर आप सोच समझकर गेंदबाजी करे तो मैच में आपका पलड़ा भारी रहेगा। मुझे उम्मीद है कि दक्षिण अफ्रीका फाइनल तक पहुंचेगी।ङ्क यह 59 साल का खिलाड़ी एसए20 लीग की पिछली चार सत्रों में हुई प्रगति देखकर बहुत प्रसन्न हैं और उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में यह लीग और विकसित होगी। उन्होंने कहा, '' हम इसके लिए काफी समय से इंतजार कर रहे थे। मुझे पिछले साल डरबन सुपर जायंट्स के साथ जुड़ने का मौका मिला था। उनके ड्रेसिंग रूम का माहौल आईपीएल जैसा महसूस होता है। यह टूर्नामेंट अभी आईपीएल जितना बड़ा नहीं है, लेकिन दक्षिण अफ्रीका की दृष्टिकोण से यह सर्वश्रेष्ठ है।

## संक्षिप्त समाचार

### पुणे ग्रांड टूर साइकिल में दिखेगा इतिहास धरोहर और सांस्कृतिक विरासत का संगम

**पुणे।** पांच दिनों तक चलने वाली पुणे की पहली ग्रैंड टूर साइकिल रेस (पुणे ग्रैंड टूर ) 19 जनवरी से शुरू होगी। यह 437 किलोमीटर लंबी बहु-चरणीय साइकिल रेस न केवल सहनशक्ति के खेल को दर्शाएगी, बल्कि इतिहास से भी सजी होगी। पुणे जिला प्रशासन द्वारा महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से आयोजित इस आयोजन में फ्रांस, ग्रेट ब्रिटेन, बेल्जियम, जर्मनी, नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, चीन और थाईलैंड सहित 35 देशों के 171 शीर्ष स्तर के साइकिलिस्ट भाग लेंगे। आयोजकों ने रविवार को बताया कि इस प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों को दक्कन के पठार में फैले विविध भू-भाग से गुजरने का मौका मिलेगा और कमेंट्री में छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत और क्षेत्र के ऐतिहासिक महत्व को उजागर किया जाएगा। पुणे के जिलाधिकारी जितेंद्र डुडी ने पीटीआई से कहा, ''ऌयह सिर्फ एक खेल आयोजन नहीं है, बल्कि पुणे को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का एक अनूठा अवसर है। इसकी प्राकृतिक सुंदरता, सह्याद्री की मनमोहक पहाड़ियां, गौरवशाली इतिहास, प्रतिष्ठित धरोहर स्थल एवं किले तथा समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दुनिया के सामने लाने का यह बेहतरीन मौका है। इससे पर्यटन को भी बड़ा बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि 437 किलोमीटर के रेस मार्ग पुणे के विविध भू-भाग से होकर गुजरते हैं और मार्ग में आने वाले गांवों, धरोहर स्थलों, झीलों और प्रसिद्ध किलों के महत्व पर आधारित शोध पूर्ण साहित्य तैयार किया गया है। यह सामग्री' इंडोलॉजिस्ट्स' की एक टीम की मदद से संकलित की गई है।

### बड़ा शॉट खेले बगैर लिचफील्ड के पास है तेजी से रन बनाने की काबिलियत

**नवी मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया की यह उभरती हुई बल्लेबाज फोबे लिचफील्ड गेंद गेंद को ज्यादा ताकत से मारने वाले बल्लेबाजों में नहीं गिनी जाती है लेकिन उन्होंने खेल के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में तेजी से रन बनाने का तरीका ढूंढ लिया है। इस 22 साल की बल्लेबाज ने गुजरात जायंट्स के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग में यूपी वॉरियर्स के लिए 40 गेंदों में 78 रन की पारी के साथ सर्वोच्च स्कोरर रही। उनकी आक्रामक पारी के बावजूद टीम को इस मैच में हार का सामना करना पड़ा। लिचफील्ड ने कहा, ''टी20 क्रिकेट पर निश्चित रूप से मैं लगातार काम कर रही हूं। मैं शायद कुछ बड़े हिटर्स जितनी ताकत से गेंद नहीं मार पाती, इसलिए मैंने अपना तरीका खोजा है। यह तरीका है क्षेत्ररक्षकों के बीच की जगह का अच्छा उपयोग करना। मेरे लिए इससे रन बनाना आसान हो जाता है। लिचफील्ड ने 2022 में भारत के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय में पदार्पण किया और 2024 डब्ल्यूपीएल नीलामी में उन्हें गुजरात जायंट्स ने एक करोड़ रुपये में खरीदा था। उन्होंने कहा, ''आप मुझसे अगर कुछ साल पहले कहते कि मैं कुछ छक्के लगाऊंगी, तो मैं विश्वास नहीं करती। सभी खिलाड़ी मजबूत हो रहे हैं और गेंद अधिक दूर जा रही है। मैं हालांकि ताकत लगाने की जगह बल्ले की स्विंग और सही टाइमिंग पर ध्यान देती हूं। मौजूदा सत्र से पहले यूपी वॉरियर्स की टीम से जुड़ी इस खिलाड़ी ने कहा अपनी पारी में आठ चौके और पांच छक्के जड़े। उकनी टीम इस आक्रामक पारी के बाद भी मैच को 10 रन से हार गयी। लिचफील्ड ने कहा, ''हमारे बल्लेबाज़ी क्रम में बहुत सारी विविधता और आक्रामक बल्लेबाज है। टीम के लिए संदेश यही है कि अपने ऊपर भरोसा रखो, अपने शॉट खेलो और रन बनाने का कोई मौका नहीं चूको।

### ओडिशा ने 41,580 करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं के लिए केंद्र से सहयोग मांगा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने राज्य में सड़कों और राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के विकास के लिए केंद्र सरकार से सहयोग मांगा है, जिसमें 41,580 करोड़ रुपये के निवेश का अनुमान है। उपमुख्यमंत्री प्रवती परिदा ने शनिवार को नयी दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों की बजट-पूर्व परामर्श बैठक में यह मांग उठाई। यह बैठक आम बजट 2026-27 के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से सुझाव लेने के लिए बुलाई गई थी। ओडिशा सरकार की ओर से परिदा ने आगामी बजट में विचार करने के लिए कई प्रमुख मुद्दों और प्रस्तावों पर एक लिखित ज्ञापन भी सौंपा। बैठक के दौरान उपमुख्यमंत्री ने 'विकसित भारत के लिए विकसित ओडिशा' के लक्ष्य को प्राप्त करने और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के विकास के लिए अनुकूल माहौल बनाने हेतु 'पूर्वोदय' पहल के तहत केंद्र सरकार से समर्थन मांगा। उन्होंने वित्तीय रूप से अनुशासित राज्यों को प्रोत्साहित करने और वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 'राज्यों को पूंजीगत निवेश के लिए विशेष सहायता योजना' के तहत आवंटन बढ़ाने की भी मांग की। राज्य ने लाभार्थियों को पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 'पूरक पोषण कार्यक्रम' (एसएनपी) और 'किशोरियों के लिए योजना' (एसएजी) के तहत राशन लागत के मानदंडों में संशोधन की भी मांग की।

### ऊर्जा सुरक्षा, आत्मनिर्भरता के लिए बहु-तकनीकी नजरिया जरूरी: टोयोटा

**नयी दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के अनुसार भारत की भौगोलिक विविधता और उभरती भू-राजनीतिक स्थितियों को देखते हुए कारों में कई हरित प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। कंपनी ने एक 'बहु-तकनीकी नजरिये' पर जोर देते हुए कहा कि भौगोलिक विविधता और उपभोक्ता स्वीकार्यता के कारण बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन, हाइब्रिड, फ्लेक्स-ईंधन वाहन और हाइड्रोजन जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों, सभी की अपनी भूमिका है। जापान की टोयोटा मोटर कॉर्पोरेशन और भारत के किर्लोस्कर समूह के संयुक्त उद्यम वाली इस कंपनी ने कहा कि कार्बन उत्सर्जन से निपटने के लिए एक बहु-तकनीकी नजरिये की आवश्यकता है, जिसे अकेले ईवी और हाइब्रिड हल नहीं कर सकते।

# बजट में 'अत्यधिक-धनी' पर आयकर सरचार्ज न बढ़ाए सरकार: विशेषज्ञ

एजेंसी

नयी दिल्ली। कर विशेषज्ञों के अनुसार सरकार को आगामी 2026-27 के बजट में अत्यधिक-धनी लोगों पर आयकर सरचार्ज बढ़ाने और संपत्ति कर को फिर से शुरू करने से बचना चाहिए। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसा कदम उच्च आय वर्ग के लोगों को कम कर वाले देशों में बसने के लिए प्रेरित कर सकता है। इस समय 50 लाख रुपये से अधिक की आय वाले व्यक्तियों पर आयकर सरचार्ज लागू है। उन पर 50 लाख से एक करोड़ रुपये तक की आय पर 10 प्रतिशत, एक करोड़ से दो करोड़ रुपये पर 15 प्रतिशत और दो करोड़ से पांच करोड़ रुपये पर 25 प्रतिशत सरचार्ज लगाया जाता है। पांच करोड़ रुपये से अधिक कमाने वाले और नई आयकर व्यवस्था चुनने वाले लोग 25 प्रतिशत सरचार्ज देते हैं, जबकि पुरानी कर व्यवस्था के तहत आने वाले लोग 37 प्रतिशत की दर से सरचार्ज देते हैं। स्वतंत्र अर्थशास्त्रियों के अनुमान के अनुसार जीएसटी दर में कटौती और कम आयकर संग्रह से चालू वित्त वर्ष में खजाने को लगभग दो लाख करोड़ रुपये का नुकसान होने की आशंका है। वित्त वर्ष 2026-27 में राजस्व का कोई भी अतिरिक्त स्रोत सरकार को रक्षा और अन्य क्षेत्रों में अधिक आवंटन करने में मदद कर सकता है। पीडब्ल्यूसी एंड कंपनी एलएलपी के पार्टनर अमित राणा ने कहा कि आयकर लगाने में 'वर्टिकल इक्विटी' के सिद्धांत का पालन किया जाता है, जिसका अर्थ है कि जो जितना अधिक कमाता है, उसकी कर देयता उतनी ही अधिक होनी चाहिए। उन्होंने बताया, जब आप कर को बहुत अधिक बनाना शुरू कर देते हैं, तो आप उन उच्च आय अर्जित करने वालों को खोने का जोखिम उठाते हैं जो भारत में नहीं रहना चाहेंगे, और आज की दुनिया में यह संभव है। उन्होंने आगे कहा कि उच्च आय वाले व्यक्तियों पर कराधान सावधानीपूर्वक संतुलित होना चाहिए, क्योंकि वे ही उद्योग और रोजगार पैदा करते हैं। ईवाई इंडिया की टैक्स पार्टनर सुरभि मारवाह ने भी जोर देकर कहा कि यदि सरचार्ज अधिक होता है या संपत्ति कर फिर से लागू किया जाता है, तो उच्च संपत्ति वाले व्यक्तियों (एचएनआई) के देश छोड़कर कम टैक्स वाले देशों में जाने का जोखिम हो सकता है।

## आंध्र प्रदेश में एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के विश्वस्तरीय संयंत्र ने सात महीने में महत्वपूर्ण प्रगति की

अमरावती। आंध्र प्रदेश के सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार मंत्री नारा लोकेश ने श्री सिटी में एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स की 5,000 करोड़ रुपये की विनिर्माण इकाई के तेज विकास को रेखांकित करते हुए इसे राज्य के निवेशक-अनुकूल शासन का सशक्त उदाहरण बताया। लोकेश ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि मई 2025 में भूमि हस्तांतरण के सात महीनों के भीतर परियोजना ने महत्वपूर्ण प्रगति की है। उन्होंने इसे आंध्र प्रदेश की व्यापार करने की गति का प्रदर्शन बताया। लोकेश ने कहा कि वैश्विक गुणवत्ता मानकों को पूरा करते हुए इस इकाई का विकास तेजी और व्यापकता से किया जा रहा है। मंत्री ने बताया कि 247 एकड़ में फैला यह संयंत्र, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स का भारत में तीसरा विनिर्माण केंद्र होगा।

# फोनपे पेमेंट गेटवे ने 'बोल्ट' पेश किया, वीजा और मास्टरकार्ड से भुगतान होगा और भी सुरक्षित

नयी दिल्ली। फोनपे पेमेंट गेटवे ने वीजा और मास्टरकार्ड के क्रेडिट और डेबिट कार्ड लेनदेन के लिए 'फोनपे पीजी बोल्ट' पेश किया है। कंपनी ने शनिवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह समाधान 'डिवाइस टोकनाइजेशन' का इस्तेमाल करता है, जिससे फोनपे मंच के उपयोगकर्ताओं और व्यवसाय साझेदारों को ऐप के भीतर ही सुरक्षित और कुशल भुगतान अनुभव मिलेगा। फोनपे के व्यापारिक सेवाओं के मुख्य व्यवसाय अधिकारी (सीबीओ) युवराज सिंह शेखावत ने कहा कि वीजा और मास्टरकार्ड के लिए 'फोनपे पीजी बोल्ट' की शुरुआत करोड़ों भारतीयों के लिए डिजिटल भुगतान को सरल बनाने की कंपनी की यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। किसी ऐप पर कार्ड से भुगतान करने के लिए अक्सर कार्ड नंबर, वैधता तिथि और सीवीवी डालना पड़ता है। 'बोल्ट' इस प्रक्रिया को खत्म कर देता है और बार-बार कार्ड का ब्योरा नहीं भरना पड़ता। फोनपे कार्ड के असली नंबर की जगह एक सुरक्षित कोड (टोकन) बना देता है। असली कार्ड नंबर व्यापारी के पास नहीं जाता और केवल एक सुरक्षित 'टोकन' जाता है। इससे डेटा चोरी का खतरा कम हो जाता है। शेखावत ने कहा, डिवाइस टोकनाइजेशन का लाभ उठाकर, हम उपयोगकर्ताओं और व्यापारियों को पारंपरिक और बोझिल भुगतान प्रक्रिया से हटाकर एक सुरक्षित, वन-क्लिक भुगतान अनुभव की ओर ले जाएंगे। इससे न केवल उपयोगकर्ता की सुविधा बढ़ती है, बल्कि हमारे व्यवसाय साझेदार भी कम 'ड्रॉप-ऑफ' (भुगतान बीच में छोड़ना) के साथ वृद्धि को अधिकतम कर सकते हैं।

## माइक्रो-फर्टिलाइजर उद्योग ने सभी उर्वरकों पर समान पांच प्रतिशत जीएसटी की मांग की

नयी दिल्ली। इंडियन माइक्रो-फर्टिलाइजर्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ने आम बजट से पहले केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि उर्वरक नियंत्रण आदेश (एफसीओ) के तहत अधिसूचित सभी उर्वरकों पर पांच प्रतिशत जीएसटी लागू किया जाए। उद्योग निकाय ने इसके अलावा अतिरिक्त जीएसटी क्रेडिट के रिफंड की प्रक्रिया तेज करने और एक एकीकृत लाइसेंसिंग प्रणाली लागू करने की मांग की। एसोसिएशन ने 'जीएसटी 2.0' को इस क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक सुधार बताया और कहा कि निर्माता अब कुछ इनपुट पर उल्टी शुल्क संरचना का सामना कर रहे हैं, जहां कच्चे माल और सेवाओं पर तैयार उत्पादों की तुलना में अधिक जीएसटी लगता है।

# कंपनियों के नतीजों, वैश्विक कारकों से तय होगी बाजार की दिशा

एजेंसी

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह 2.5 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर घरेलू स्तर पर कंपनियों के तिमाही परिणामों और वैश्विक कारकों पर होगी। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के आंकड़े आने शुरू हो गये हैं। सोमवार 12 जनवरी को प्रौद्योगिकी कंपनियों एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टाटा समूह की टीसीएस के वित्तीय नतीजे जारी किये जाने हैं। इसके बाद 15 जनवरी को इसी क्षेत्र की इंफोसिस और 16 जनवरी को टेक महिंद्रा के नतीजे आयेंगे। 17 जनवरी को एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के नतीजे आयेंगे। कुछ और प्रमुख बैंकों के परिणाम भी सप्ताह के दौरान जारी



किये जाने हैं। इसके अलावा निवेशक वैश्विक स्तर पर जारी व्यापार और भू-राजनीतिक उथल-पुथल पर भी नजर बनाये हुए हैं। इस सभी कारकों का असर बाजार पर देखा जायेगा। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 2,185.77 अंक (2.55 प्रतिशत) टूटकर सप्ताहांत पर 83,576.24 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 645.25 अंक यानी 2.45 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट में 25,683.30 अंक पर आ गया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 2.34 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 3.08 फीसदी की साप्ताहिक गिरावट रही। बीते सप्ताह सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 19 के शेयर लाल निशान में और अन्य 11 के हरे निशान में रहे। ट्रेंट का शेयर सबसे अधिक 9.82 प्रतिशत टूट गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर भी 7.36 प्रतिशत लुढ़क गया। एचडीएफसी बैंक में 6.24 फीसदी, इंडिगो में 5.13, पावरग्रिड में 4.61, एनटीपीसी में 4.53, भारती एयरटेल में 3.77, आईटीसी में 3.73 और अडानी पोर्ट्स में 3.59 फीसदी की गिरावट रही।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# केंद्रीय कृषि मंत्री के साथ उप्र के संभल की लखपति दीदी अनुपमा गणतंत्र दिवस पर मंच करेंगी साझा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



संभल। उत्तर प्रदेश केसंभल जिले की बनियाखेड़ा गांव की अनुपमा सिंह की कहानी आज ग्रामीण भारत की आत्मनिर्भरता की मजबूत मिसाल बन चुकी है। सीमित संसाधनों से शुरू हुआ उनका सफर अब नई दिल्ली के राष्ट्रीय मंच तक पहुंच गया है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर उनको केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ मंच साझा करने का अवसर मिलेगा। दरअसल संभल जनपद की 48 वर्षीय अनुपमा सिंह ने मास्टर ऑफ सोशल वर्कर की शिक्षा प्राप्त की। शिक्षा के बाद भी वे पहले सामान्य ग्रामीण महिलाओं की तरह आर्थिक संघर्ष से जूझ रही थी। लेकिन जानकी स्वयं सहायता समूह व द्वारकाधीश प्रेरणा संकुल समिति से जोड़ने के बाद उन्होंने आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लिया और सफलता की ओर बढ़ चलीं। गोमय उत्पादन और ब्यूटी पार्लर को उद्यम के रूप में अपनाकर उन्होंने न केवल अपनी आय बढ़ाई बल्कि अन्य महिलाओं को भी रोजगार से जोड़ा। वर्तमान में उनके साथ सक्रिय रूप से 23 महिलाएं जुड़ी हैं। जबकि आवश्यकता के अनुसार 70 महिलाएं भी उनके साथ कार्य करती हैं। उनका वार्षिक कारोबार अब लगभग 25 लाख रुपये तक पहुंच चुका है। इनमें होली पर हर्बल गुलाल, रसगुल्ला, ब्यूटी पार्लर सेवाएं, मोटे अनाज के लड्डू और गोमय यानि गाय के गोबर से बने अन्य उत्पाद शामिल हैं। अपने उद्यम को विस्तार देने के लिए अनुपमा सिंह ने आधुनिक मशीनों में भी निवेश किया है, जिससे उत्पादन क्षमता और गुणवत्ता दोनों में वृद्धि हुई है। 5 जनवरी को ग्रामीण विकास मंत्रालय और कृषि कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित चयन प्रक्रिया में देशभर की लखपति दीदियों का साक्षात्कार हुआ। नियमानुसार प्रत्येक प्रतिभागी को केवल 3 मिनट में अपनी उपलब्धियां और उद्यम यात्रा बतानी थी। इस प्रक्रिया से पहले ही चरण में 18 राज्यों की लखपति दीदियां बाहर हो गई। इसके बाद लगातार कई राउंड चले, जिनमें अधिकांश प्रतिभागी तय समय में अपनी बात रख कर बाहर हो गई। वहीं अनुपमा सिंह लगातार हर राउंड में चयनित होती रहीं। 3 मिनट की सीमा के बावजूद वह करीब 35 मिनट तक चले साक्षात्कार क्रम में बनी रहीं और आखिरकार चयनित होने में उत्तर प्रदेश से केवल संभल की अनुपमा सिंह ने बाजी मार ली। इस चयन में खास बात यह है कि देशभर से 14 लखपति दीदीयों को गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित किया जा रहा है, लेकिन केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ मंच साझा करने का अवसर केवल अनुपमा सिंह को मिलेगा। वह केवल उत्तर प्रदेश की इकलौती महिला है और देश की पहले लखपति दीदी होगी जो इस मंच पर संवाद करेंगी।

# प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में कृषि क्षेत्र की भूमिका महत्वपूर्ण : सूर्यप्रताप शाही

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



देवरिया। उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आज देवरिया में अपने आवास पर मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में कृषि क्षेत्र की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी। इसलिए कषि योजनाओं का विस्तार करते हुए आम किसानों तक उनका लाभ पहुंचाया जा रहा है और इसका सीधा असर भी दिखाई दे रहा है। उन्होंने आगे बताया कि इस वर्ष भी एक लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बसंतकालीन गन्ने की बुवाई की गई है। जायद फसलों को बढ़ावा देने के लिए गन्ना किसानों को दलहन और तिलहन के बीज उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि किसान एक ही खेत में दो फसलें उगा सकें। प्रदेश के 45 जिलों के किसानों को मूंग सहित अन्य दलहनी फसलों के बीज उपलब्ध कराए जाएंगे। सरकार का लक्ष्य दलहन और तिलहन उत्पादन में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाना है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में ईडी की कार्रवाई सही है और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जांच में किसी प्रकार का अवरोध नहीं खडा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और घोटालों में शामिल लोगों के खिलाफ सीबीआई और ईडी की कार्रवाई जरूरी है। लालू प्रसाद यादव के मामलों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार पर सवाल उठाने वालों को पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया मकर संक्रांति के अवसर पर उनके देवरिया स्थित पैतृक गांव पकहां में भगवान चतुर्भुज जी के स्थान पर सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 14 जनवरी को विशेष आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मोटे अनाजों को प्रदर्शित किया जाएगा और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए जाएंगे।

## ड्राइविंग लाइसेंस के लिए 16 जनवरी से शुरु होगा सिम्युलेटर टेस्ट

**मुरादाबाद।** ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदकों को अब सिम्युलेटर टेस्ट देना होगा। परिवहन विभाग 16 जनवरी से सिम्युलेटर टेस्ट शुरू करने जा रहा है। सिम्युलेटर टेस्ट चालकों को वास्तविक परिस्थितियों में बेहतर प्रतिक्रिया देने की क्षमता प्रदान करेगा। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) हरिओम ने रविवार को बताया कि सिम्युलेटर परीक्षण से डीएल बनाने का काम शुरू किया जाएगा। सिम्युलेटर एक वास्तविक कार की प्रतिकृति है। इसमें स्टेयरिंग, व्हील, गियर, ब्रेक, पैडल, संकेतन, स्विच और गति नियंत्रण लगा होता है। सिम्युलेटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर से संचालित होती है। उल्लेखनीय है कि कांठ रोड स्थित ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में प्रतिदिन करीब 130 लोग डीएल टेस्ट के लिए जाते हैं।

# मौसम ने ली करवट खिली धूप लोगों ने ली राहत की सांस

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



जौनपुर। यूपी के जौनपुर में रविवार को धूप निकलने से लोगों को घने कोहरे और कड़ाके की ठंड से थोड़ी राहत मिली। हालांकि, गलन अभी भी बरकरार है। जिले का अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस दौरान आर्द्रता 82 प्रतिशत, वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 302 और हवा की गति 6 किलोमीटर प्रति घंटे रही।शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। उस दिन आर्द्रता 71 प्रतिशत, वायु गुणवत्ता सूचकांक (इक्क) 259 और हवा की गति 8 किलोमीटर प्रति घंटे रही थी।तेज हवाओं और ठंड के कारण सड़कों पर वाहनों की आवाजाही धीमी पड़ गई है। रात में कोहरे के चलते बसों और ट्रेनों का परिचालन भी प्रभावित हुआ, जिससे सड़कें सुनसान दिखाई दीं।राज्य मौसम केंद्र के प्रभारी अतुल कुमार ने बताया कि तापमान में गिरावट के कारण प्रदेश के कई जिले ठंड की चपेट में हैं। उन्होंने आसमान में बादल छाए रहने और अधिकतम व न्यूनतम तापमान में और कमी आने की संभावना है। कड़ाके की ठंड से किसानों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें फसलों की सिंचाई और पशुओं की देखरेख में अतिरिक्त चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव में कोहरे के कारण आम लोगों को भी आवाजाही में दिक्कतें हो रही हैं। हालांकि रविवार को धूप निकलने के बाद किसानों ने थोड़ा राहत महसूस किया है। रोजमर्रा की जिंदगी में काम करने में जुट गए हैं।

# खेतों की खुशबू अब बनेगी कमाई, बीएचयू साउथ कैंपस में शुरू हुई स्वदेशी भाप आसवन इकाई

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के मीरजापुर के बरकछा स्थित बीएचयू के राजीव गांधी दक्षिणी परिसर में अब खेतों की खुशबू सिर्फ वातावरण ही नहीं महकाएगी, बल्कि किसानों की आमदनी भी बढ़ाएगी।

साउथ कैंपस में अत्याधुनिक स्वदेशी भाप आसवन इकाई के शुरू होने से औषधीय और सुगंधित पौधों की खेती को नई दिशा मिली है। यह इकाई किसानों के लिए तकनीक, बाजार और मूल्य–तीनों को जोड़ने वाली कड़ी बनकर उभरी है। आचार्य प्रभारी प्रो. बीएमएन कुमार के अनुसार यह बहुउद्देशीय इकाई कृषि क्षेत्र में एक क्रांतिकारी पहल है। पामारोसा, जरेनियम, मेंथा, तुलसी, गुलाब, लैवेंडर, सिट्रोनेला, चमेली, वेटिवर और चंदन जैसे पौधों से उच्च गुणवत्ता के सुगंधित और औषधीय तेल अब स्थानीय स्तर पर ही तैयार किए जा सकेंगे। इससे किसानों को अपनी उपज बेचने के बजाय उसका प्रसंस्करण कर अधिक लाभ लेने का अवसर मिलेगा।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**सलाहकार संपादक**
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
मेजर के किशोर
हरीशंकर शुक्ल पीपीएस (रि)

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**कार्यकारी संपादक**
अभयानंद शुक्ल

**आध्यात्मिक संपादक**
राम महेश मिश्र

**ब्यूरो चीफ**
मनोज कुमार शुक्ला

**स्टेट कोआर्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

**संपर्क कार्यालय**
प्रधान कार्यालय: 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालय: 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ


# पीडीए पंचांग में सबको जोड़ने का काम किया गया: संजय मिश्रा

**प्रेस वार्ता में बोले– समाजवादी पार्टी में ब्राह्मणों का पूरा सम्मान है**



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। समाजवादी पार्टी के पीडीए पंचांग के समर्थन में उत्तर प्रदेश के वाराणसी में पार्टी के कई ब्राह्मण नेता भी खुलकर सामने आए हैं। सपा के विशेष आमंत्रित सदस्य संजय मिश्रा ने रविवार को गोलघर मैदागिन स्थित पराड़कर भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान पीडीए पंचांग का समर्थन करते हुए इसे हर समाज और हर घर तक पहुँचाने की आवश्यकता पर बल दिया। इसे हर समाज व हर घर-घर में पहुंचाने की पुरजोर वकालत की। संजय मिश्रा ने दावा किया कि जितना सम्मान समाजवादी पार्टी में ब्राह्मणों का है और किसी भी पार्टी दल में नहीं है। उन्होंने बताया कि 03 जनवरी 2026 को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लखनऊ स्थित सपा मुख्यालय के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में समाजवादी पीडीए पंचांग का विमोचन किया था। संजय मिश्रा ने कहा कि पीडीए पंचांग में किसी महापुरुष, ग्रह-नक्षत्र, तीज-त्योहार या ऐतिहासिक दिनों को हटाने का काम नहीं किया गया है। बल्कि सबको जोड़ने का काम किया गया है। वार्ता में समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ई. वैभव पाठक, समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा (आर.डी.), जिला पंचायत सदस्य सिकन्दर मिश्रा, जिला सचिव गोपाल पाण्डेय एवं समाजवादी प्रबुद्ध सभा के पूर्व महानगर अध्यक्ष आनंद प्रकाश तिवारी मौजूद रहे।

# वीबी-जी रामजी विधेयक के विरोध में कांग्रेस ने रखा उपवास

- इस विधेयक के विरोध में कांग्रेस ने 45 तक आंदोलन की बनाई रणनीति: पूर्व केंद्रीय मंत्री

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




झांसी। मनरेगा का नाम परिवर्तित कर वीबी-जी रामजी किये जाने के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और उपवास रखा। कांग्रेस का आरोप है कि केंद्र सरकार ग्राम पंचायतों से अधिकार छीनने का प्रयास बता रही है। इसके खिलाफ कांग्रेस ने 45 दिन का आंदोलन करने की रणनीति बनाई है। इसी क्रम में आंदोलन के पहले दिन कांग्रेस ने उपवास रखकर प्रदर्शन किया। रविवार को कांग्रेस के पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं के साथ पदाधिकारी कचहरी चौराहा स्थित महात्मा गांधी पार्क पहुंचे वहां सभी ने उपवास रखकर प्रदर्शन किया। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस की केंद्र सरकार ने महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना को लागू किया था। जिससे मजदूरों, गरीब किसानों को रोजगार मिलता था। उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई थी, लेकिन भाजपा की केंद्र सरकार ने मजदूरों से रोजगार छीनने का प्रयास करते हुए नया कानून बनाया। कांग्रेस ने इसके खिलाफ आंदोलन का 45 दिन का रोडमैप तैयार किया है। जिसमें 11 जनवरी को आंदोलन के पहले दिन हम सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपवास रखकर इसकी शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने मनरेगा को खत्म करने और ग्राम पंचायतों के अधिकार छीनने का प्रयास किया है। उन्होंने भाजपा इस विधेयक को वापस लेने की मांग की ताकि गरीब किसानों की रोजी व रोजगार न छीने। उल्लेखनीय है कि हाल ही में प्रभारी मंत्री बेबी रानी मौर्या ने झांसी पहुंचकर पत्रकार वार्ता कर वीबी-जी रामजी विधेयक को किसानों व ग्रामीणों के लिए बेहतर बताया था। साथ ही सांसद अनुराग शर्मा ने इसे महात्मा गांधी के हे राम से प्रेरित होना बताया था।

# खुली जीप, 100 गाड़ियों का काफिला और राष्ट्रकथा में बृजभूषण का दबदबा

**"खुली जीप, फूलों की बारिश और हजारों समर्थकों के बीच बृजभूषण शरण सिंह ने अवध में दिखाया अपना राजनीति का असली दबदबा भव्य राष्ट्रकथा में विरोधियों को भेजा साफ संदेश और बेटे करण के साथ 2029 लोकसभा की तैयारी की घोषणा। "**

- आठ दिन, हजारों समर्थक और देशभर के नेता, मंत्री और कलाकार
- खुली जीप में बृजभूषण का भव्य प्रवेश, काफिले पर फूलों की बारिश
- भाजपा और प्रदेश सरकार ने दूरी बनाई, विपक्ष में रास्ता खुला
- बेटे करण भूषण के साथ लोकसभा की तैयारी, सपा के लिए भी संदेश
- कुश्ती संघ विवाद, महिला पहलवानों के आरोप और शक्ति प्रदर्शन का लंबा ट्रैक रिकॉर्ड



मनोज कुमार शुक्ल
ब्यूरो चीफ

काफिला, धूमधाम और राष्ट्रकथा का मंच– कैसरगंज के पूर्व सांसद और भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह अवध के राजनीतिक अखाड़े के तीन दशक तक सबसे ताकतवर पहलवानों में से रहे हैं। उनके समर्थकों को आज भी नाम के आगे 'पूर्व' शब्द पसंद नहीं आता। यही वजह रही कि बृजभूषण ने अवध में बढ़ती राजनीतिक चुनौतियों और संगठन में घटते वजूद को अपने पक्ष में करने के लिए अपने जन्मदिन पर आठ दिवसीय राष्ट्रकथा का भव्य आयोजन किया। यह कार्यक्रम गोंडाऽअयोध्या सीमा पर स्थित नंदनी निकेतनम् में आयोजित हुआ, जहाँ रोज़ाना राजनीतिक, सामाजिक, आध्यात्मिक और कला जगत की हस्तियों ने शिरकत की और हजारों समर्थक उपस्थित रहे। बृजभूषण ने खुली जीप में लगभग 100 गाड़ियों के काफिले के साथ धूमधाम से प्रवेश किया। मंच पर फूलों की बारिश, समर्थकों की भीड़ और हरियाणा, बिहार, राजस्थान से आए ठ्ठ अतिथि–सब कुछ इस कार्यक्रम को सिर्फ आध्यात्मिक नहीं, बल्कि सियासी महाकुंभ बना रहा था। राष्ट्रकथा में शामिल हुए जम्मू-कश्मीर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, यूपी के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, नगर विकास मंत्री अरविंद शर्मा, उद्यान एवं कृषि निर्यात मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, बहराइच सांसद आनंद गोंड, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रमापति राम त्रिपाठी और अन्य कई बड़े नेता। आध्यात्मिक और सांस्कृतिक हस्तियों में जगतगुरु राघवाचार्य, राजेश्वर दास, भोजपुरी गायक पवन सिंह और दूरदर्शन कलाकार इंदु मिश्रा शामिल रहे। बाहुबलियों में जौनपुर के पूर्व एमएलसी ब्रजेश सिंह, पूर्व सांसद धनंजय सिंह और सैदपुर विधायक सुशील सिंह उपस्थित थे।

## भाजपा और सरकार ने बनाई दूरी

राष्ट्रकथा का एक बड़ा सियासी ड्रामा यह रहा कि सीएम योगी, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, केंद्रीय मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और कई मंत्री अनुपस्थित रहे। राजनीतिक गलियारों में चर्चा रही कि बृजभूषण के प्रति यह दूरी क्या संकेत दे रही है। करीबियों के अनुसार, नेताजी ने जानबूझकर कई बड़े नेताओं को आमंत्रित नहीं किया, ताकि जो उनके समर्थन में हैं, वही मंच पर दिखें। मंच पर उनके काफिले पर जेसीबी से फूल बरसाए गए, जो उनकी भव्य और चौंकाने वाली एंट्री का प्रतीक थी।

## राष्ट्रकथा का सियासी संदेश

विशेषज्ञ मानते हैं कि राष्ट्रकथा का उद्देश्य था अवध में राजनीतिक दबदबा दिखाना और आगामी चुनावों में अपने परिवार और समर्थकों के लिए मार्ग साफ करना। बृजभूषण ने मंच से अपने और बेटे करण भूषण के 2029 लोकसभा चुनाव में भाग लेने का ऐलान किया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की तारीफ करके उन्होंने विपक्ष में अपने लिए विकल्प बनाए रखने का संदेश भी दे दिया। मंच पर भावनाओं की झलक तब देखने को मिली जब बृजभूषण अपने राजनीतिक दबदबे को लेकर रो पड़े।

## पहले के शक्ति प्रदर्शन

2017-18: BSA को हटवाया और प्रशासन पर दबदबा दिखाया

2021: पंचायत चुनाव में अपने करीबी नेताओं को जिला पंचायत अध्यक्ष बनाया

2021: जनविश्वास यात्रा में हेलिकॉप्टर से धांसू एंट्री

2022: 90 किमी लंबी तिरंगा यात्रा

2022: राज ठाकरे के खिलाफ धार्मिक यात्रा आयोजित

2024: पार्टी के निर्णय को चुनौती, बेटे करण भूषण के लिए टिकट लिया

## विवाद और कानूनी मामले

बृजभूषण का ट्रैक रिकॉर्ड विवादों से भरा रहा है:

2007-08: क्रॉस वोटिंग और पार्टी से बाहर

2021-22: पतंजलि और बाबा रामदेव पर विवादित बयान

भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष रहते हुए छह महिला पहलवानों के गंभीर आरोप

पॉक्सो एक्ट सहित मुकदमे, बाद में राहत मिली

## सियासी तेवर

राष्ट्रकथा में उन्होंने केवल विद्यार्थी और साधु-संत को पंडाल में आने दिया और अन्य किसी को नहीं। मंच से उन्होंने चुनाव लड़ने की घोषणा की और स्पष्ट किया कि वे हर हाल में चुनाव लड़ेंगे।

## संक्षिप्त जीवनी

जन्म: 8 जनवरी 1957, गोंडा

शिक्षा: LLB, अवध यूनिवर्सिटी

राजनीतिक करियर: छह बार लोकसभा सांसद (गोंडा, बलरामपुर, कैसरगंज), पांच बार भाजपा, एक बार सपा

परिवार: पत्नी केतकी देवी सिंह, बेटे प्रतीक भूषण सिंह (विधायक), करण भूषण सिंह (सांसद)

अन्य: भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष।